# डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचलएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 09 – 2082 | भोपाल, दिन रविवार, दिनांक 17 अगस्त 2025


## न्यूज गैलरी

### हार्ट अटैक ग्राफिक डिजाइनर की मौत

भोपाल। 25 वर्षीय ग्राफिक डिजाइनर कपिल चौरसिया का कार्यालय में अचानक बेहोश होने के बाद कार्डियक फेलियर से निधन हो गया। विशेषज्ञों के अनुसार खराब खानपान, मोटापा, तनाव, धूम्रपान, नशा और अनियमित जीवनशैली युवाओं में हार्ट अटैक के मुख्य कारण हैं। जेनेटिक और एंडोथेलियम कमजोर होने से भी जोखिम बढ़ता है।

### वस्त्र भेंट कर राजेश्वर ने मनाया जन्मदिन

भोपाल। संयुक्त भोजपुरी समाज के अध्यक्ष एवं भाजपा के जिला संयोजक, शिव शक्ति शनि धाम मंदिर के अध्यक्ष समाजसेवी राजेश्वर सिंह ने जन्माष्टमी पर जन्मदिन को सादगी और अनोखे तरीके से मनाया। उन्होंने गरीब बस्ती में जाकर भगवान श्री कृष्ण के छोटे-छोटे बाल रूप के बीच में जन्मदिन मनाया एवं माता-बहनों को वस्त्र वितरण किए। छोटे-छोटे बच्चों को खिलौने वितरित किए।

### एनसीसी परेड में भेल के कैडेट्स ने किया नेतृत्व

भोपाल। बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल की एनसीसी के सीपीएल आबिद खान ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल परेड ग्राउंड पर राज्य स्तरीय परेड में एनसीसी कंटिंजेंट कमांडर के रूप में नेतृत्व किया। प्राचार्य डॉ. संजय जैन तथा एनसीसी आफीसर डॉ. वर्षा चौहान ने आबिद खान के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### मुस्कान ने फहराया यूरोप की सबसे ऊंची चोटी पर तिरंगा

भोपाल।मध्यप्रदेश के अशोकनगर की बेटी मुस्कान को यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एलब्रस (5,642 मीटर) पर माइनस 30 डिग्री तापमान के बीच भारत का तिरंगा फहराकर उपलब्धि हासिल की। इस उपलब्धि पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने मुस्कान को शुभकामनाएं

### स्कूलों में बनेगा बच्चों का आधार

भोपाल। स्कूल शिक्षा विभाग 18 अगस्त से ""आधार, अब विद्यालय के द्वार"" अभियान शुरू कर रहा है। इसमें सरकारी स्कूलों में छात्रों के आधार कार्ड बनेंगे और पुराने आधार अपडेट होंगे। बच्चों के अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेट (एमबीयू) जैसे फिंगरप्रिंट, आईरिस स्कैन और फोटो लिए जाएंगे। नाम सुधार व मोबाइल नंबर अपडेट की सुविधा भी मिलेगी। पहला एमबीयू 5 से 7 वर्ष की उम्र में निःशुल्क होगा।

### भवानी संगठन ने दी चेतावनी, परंपराओं से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

भोपाल। गणेश उत्सव की तैयारियों के बीच जय मां भवानी हिंदू संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि कहीं शास्त्र विरुद्ध या विकृत स्वरूप वाली गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गईं तो उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। संगठन अध्यक्ष शुभम विश्वकर्मा ने कहा कि मूर्तिकार व्यावसायिकता की होड़ में ऐसी प्रतिमाएं बना रहे हैं जो धार्मिक भावनाओं को आहत करती हैं। संगठन की टीमें पंडालों व मूर्तिकार स्थलों पर जाकर संवाद कर रही है और परंपरा अनुसार प्रतिमाएं बनाने की अपील कर रही है।

---

भव्य झलक **भोपाल में रंगी कृष्ण भक्ति-इस्कॉन और बिरला मंदिर में श्रद्धालुओं**

# ग्वालियर का गोपाल मंदिर-भगवान का 100 करोड़ का भव्य श्रृंगार किया

डीआर संवाददाता भोपाल

ग्वालियर और भोपाल। जन्माष्टमी के अवसर पर ग्वालियर और भोपाल दोनों ही शहरों में श्रद्धालुओं ने कृष्ण भक्ति में डूबकर उत्सव मनाया। ग्वालियर के 100 साल पुराने गोपाल मंदिर में राधा-कृष्ण की प्रतिमाओं को लगभग 100 करोड़ रुपये के हीरे, नीलम, पन्ना, माणिक, पुखराज और सोने-चांदी के गहनों से सजाया गया। यह श्रृंगार न केवल भव्य है, बल्कि भक्तों के लिए आस्था और भक्ति का प्रतीक भी है। स्वतंत्रता के बाद ये आभूषण बैंक के लॉकर में सुरक्षित रखे गए थे, लेकिन 2007 से हर जन्माष्टमी पर इन्हें प्रतिमाओं पर धारण कराया जाता है। इस दौरान मंदिर में 200 से अधिक सुरक्षा जवान तैनात रहते हैं।



100 साल पुराने गोपाल मंदिर में राधा-कृष्ण

भोपाल में भी जन्माष्टमी की धूम देखने लायक रही। राजधानी के इस्कॉन मंदिर, पटेल नगर और बिरला मंदिर तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। पटेल नगर इस्कॉन में सुबह 4-30 बजे मंगल आरती से शुरू हुआ आयोजन दिनभर कथा, संकीर्तन, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ चलता रहा। शाम को 'शांति दूत कृष्ण' नाट्य प्रस्तुति और बच्चों की 'माखन चोर कृष्ण' झांकी ने दर्शकों का मन मोह लिया। रात को महाआरती के साथ भक्ति रस चरम पर पहुंचा। मंदिर को 500 किलो फूलों से सजाया गया, जबकि 75 हजार से ज्यादा श्रद्धालु इसमें शामिल हुए।

मुख्यमंत्री निवास में भी 1000 बच्चों ने राधा-कृष्ण की पोशाक में झांकियों के माध्यम से लीलाएं प्रस्तुत कीं। खेल एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि जन्माष्टमी हमें अन्याय के खिलाफ लड़ने और कृष्ण के विचारों को जीवन में उतारने की प्रेरणा देती है।

पुराने शहर में शोभायात्राएं निकाली गईं, रथों पर सजी झांकियों और ढोल-नगाड़ों की थाप पर भक्त देर रात तक भक्ति में डूबे रहे। कटारा हिल्स के अमलतास एम्ब्रिन होम में राधा-कृष्ण की पोशाक में पहुंचे बच्चे और बच्चों के लिए किड्स जोन व सेल्फी जोन भी आकर्षण का केंद्र बने।

इस तरह ग्वालियर और भोपाल दोनों ही शहरों ने जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी की भव्य झलक और श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ के साथ इस पर्व को जीवंत किया।



जन्माष्टमी पर भगवान की भव्य झलक और भक्तों की उमड़ी भीड़



---

# भोपाल में एलएलबी छात्र की हत्या करने वाले अरेस्ट



डीआर संवाददाता भोपाल

भोपाल में पेट्रोल पंप पर पहले पेट्रोल डलवाने के विवाद में लॉ स्टूडेंट के सीने में छुरी मारकर हत्या करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने वारदात के बाद सीहोर के कुबेरेश्वर धाम सहित महीदीप, बैरसिया और अन्य स्थानों पर फरारी काटते रहे। पुलिस टीम लगातार उनका पीछा कर रही थी। भोपाल लौटते ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी गंभीर अपराध दर्ज हैं।

थाना प्रभारी महेश लिल्हारे ने बताया कि घटना 8 अगस्त की सुबह करीब 4 बजे की है। फरियादी अनमोल दुबे अपने दोस्त सत्कार बघेले (22) के साथ एक्टिवा पर पेट्रोल भरवाने पेट्रोल पंप पहुंचे थे। इसी दौरान एक्टिवा पर आए तीन बदमाशों ने पहले पेट्रोल डलवाने की बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया। बदमाशों ने गाली-गलौज करते हुए दोनों दोस्तों को धमकाया और अचानक हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए अनमोल पर भी छुरी से हमला किया गया, जबकि सत्कार के सीने और माथे पर वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। अस्पताल ले जाने पर उसकी मौत हो गई। सत्कार इंदौर का रहने वाला था और प्राइवेट कॉलेज से बीए एलएलबी की पढ़ाई कर रहा था। घटना के बाद अयोध्या नगर पुलिस ने तत्काल हत्या का केस दर्ज कर तीन अलग-अलग टीमें गठित कीं। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से उनकी पहचान की थी।

### हत्या, लूट, चोरी, मारपीट जैस केस दर्ज

गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य आरोपी सजू सेन (24) निवासी पूजा कॉलोनी करोंद निशातपुरा है, यह थाने का निगरानी शुदा बदमाश है। इसके खिलाफ हत्या, लूट, चोरी और मारपीट जैसे कई गंभीर अपराध दर्ज हैं। दूसरा आरोपी दीपक दशकार (24) आदर्श अस्पताल के पीछे करोंद, निशातपुरा है, इसके खिलाफ 9 अपराध दर्ज है।

---

## एयरपोर्ट की तर्ज पर डिजाइन होंगे 50 स्टेशन

डीआर संवाददाता भोपाल

एयरपोर्ट की तर्ज पर रेलवे अब स्टेशन के कोनकोर्स यानी वेटिंग एरिया में यात्रियों को आधुनिक और बेहतर शॉपिंग अनुभव देने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। इसके तहत रेलवे देशभर के प्रमुख स्टेशनों पर सिंगल ब्रांडेड आइटम्स के स्टोर शुरू करने की योजना पर काम कर रहा है। रेल मंत्रालय स्तर पर योजनाओं को लागू करने ब्रांडेड सामान बनाने वाली बड़ी कंपनियों से बातचीत की गई, जिसमें अच्छे नतीजे सामने आए हैं। यह स्टोर रानी कमलापति रेलवे स्टेशन सहित देशभर के 50 से अधिक स्टेशनों पर 2025 के अंत तक शुरू कर दिए जाएंगे।

यह उत्पाद मिल सकेंगे स्टेशन परिसरों में कॉस्मेटिक, ब्रांडेड कपड़े, बैग, पर्स, परफ्यूम, जूते-चप्पल और खाने-पीने की चीजों के लिए ब्रांडेड स्टोर खोले जाएंगे। इससे यात्रियों को जरूरत का सामान खरीदने की सुविधा मिलेगी, वो भी ब्रांड की गारंटी के साथ।

### अगले महीने फाइनल होंगे स्टेशन और ब्रांड

यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा भोपाल रेल मंडल के सीनियर डीसीएम सौरभकटारिया का कहना है कि इन स्टोर की स्थापना से स्टेशन पर यात्रियों को न केवल अतिरिक्त सुविधाएं बल्कि रेलवे को अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा। ये स्टोर एयरपोर्ट की तर्ज पर डिजाइन मिलेगी, किए जाएंगे, जहां ग्राहक बिना जल्दबाजी के खरीदारी कर सकें। संभवतः अगले महीने स्टेशनों के नाम और ब्रांड फाइनल हो जाएंगे।

## सोमवार-मंगलवार से फिर शुरू होगा तेज बारिश का दौर

डीआर संवाददाता भोपाल

राजधानी में शनिवार को सुबह से बादल, धूप और रिमझिम का सिलसिला चलता रहा। शाम 5 से 5:30 बजे के बीच आधा घंटे तेज गरज-चमक के साथ बारिश हुई। इस दौरान 8 मिमी वर्षा दर्ज की गई। दिनभर पारा 2.4 डिग्री गिरा, जबकि शाम की बरसात के बाद तापमान 25 डिग्री पर आ गया। अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री रहा। देर रात तक हल्की-फुहारों का दौर जारी रहा।



मौसम विभाग ने बताया कि सोमवार से मंगलवार तक भोपाल सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में तेज बारिश का नया दौर शुरू होगा, जो एक सप्ताह तक खिंच सकता है।

इधर, शहर में जन्माष्टमी की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मंदिरों और पंडालों में झांकियों की सजावट हो रही है। विभिन्न जगहों पर मटकी फोड़ प्रतियोगिताओं के लिए युवाओं की टीमें अभ्यास में जुटी हैं। आयोजक समितियों ने बारिश को देखते हुए अतिरिक्त इंतजाम किए हैं, ताकि उत्सव में कोई बाधा न आए। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि जन्माष्टमी के दिन भी झमाझम बारिश की संभावना बनी हुई है, ऐसे में मटकी फोड़ कार्यक्रम में श्रद्धालु और युवा बारिश में भीगते हुए उत्सव का आनंद ले सकते हैं।

### जिलाध्यक्षों की नियुक्ति पर उठे सवाल

भोपाल। कांग्रेस ने 71 जिलाध्यक्षों की घोषणा के साथ ही विवाद खड़ा कर दिया है। कई जिलों में विरोध के स्वर गूंज रहे हैं। नेताओं पर आरोप है कि वे संबंधित जिलों के मूल निवासी नहीं हैं और स्थानीय स्तर पर सक्रिय भी नहीं रहे। उदाहरण के तौर पर प्रतिभा रघुवंशी (गुना से) को खंडवा शहर का अध्यक्ष बनाया गया, वहीं विपिन वानखेड़े (आगर) को इंदौर ग्रामीण की कमान दी गई।

## फैक्ट्री संचालक की लापरवाही से हुआ गैस रिसाव

डीआर संवाददाता भोपाल

एडीआइएसएच फैक्ट्री से क्लोरीन गैस के रिसाव मामले में नगर निगम, सीएमएचओ और उद्योग विभाग के अफसरों ने रिपोर्ट तैयार कर ली है। जांच टीम जब मौके पर पहुंची, तो उसे खुले में क्लोरीन कैप्सूल की बोरिया पड़ी मिली थीं, जिससे फैक्ट्री संचालक की लापरवाही सामने आई है। रिपोर्ट आने के बाद फैक्ट्री संचालक के खिलाफ मामला दर्ज किया जा सकता है।

जांच टीम सोमवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को रिपोर्ट पेश करेगी। जेके रोड स्थित गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में बुधवार दोपहर केमिकल स्टोर से क्लोरीन गैस का रिसाव होने पर हड़कंप मच गया था। रिसाव के बाद कलेक्टर ने तीन दिन में जांच कर रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए थे। अफसरों ने बताया कि केमिकल स्टोर में पानी भरने से क्लोरीन गैस फैल गई थी। आग लगने की आशंका को देखते हुए निगम की दमकलों ने पानी डाल दिया था। इससे आसपास के लोगों को आंखों में जलन और सांस लेने में तकलीफ हो गई थी।

## कांग्रेस ने घोषित किए 71 जिलाध्यक्षरू 10 आदिवासी, 8 दलित, 3 अल्पसंख्यक और पहली बार 4 महिलाएं

डीआर संवाददाता भोपाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 16 अगस्त को 71 जिलाध्यक्षों की सूची जारी कर दी। इस बार संगठन ने सामाजिक संतुलन और क्षेत्रीय विविधता पर खास ध्यान दिया है। सूची में पिछड़ा वर्ग से 12, दलित वर्ग से 8, आदिवासी वर्ग से 10 और अल्पसंख्यक वर्ग से 3 जिलाध्यक्ष बनाए गए हैं। खास बात यह रही कि पहली बार 4 महिलाओं को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



भोपाल शहर और ग्रामीण जिलाध्यक्ष को लेकर अंदरूनी खींचतान सामने आई। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह चाहते थे कि पूर्व जिलाध्यक्ष मोनू सक्सेना को पुन मौका दिया जाए। वहीं प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शहर के वर्तमान अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना और ग्रामीण अध्यक्ष अनोखी मान सिंह पटेल को दोबारा नियुक्त कराया।

अन्य महत्वपूर्ण नियुक्तियों में आगर मालवा के विजयलक्ष्मी तंवर, अलीराजपुर के मुकेश पटेल, अनूपपुर के श्याम कुमार गुड्डू, अशोकनगर के राजेंद्र कुशवाहा, बालाघाट के संजय उइके और बड़वानी के नानेश चौधरी शामिल हैं। भिंड शहर के धर्मेंद्र भदौरिया और भिंड ग्रामीण के रामाशीष बघेल, भोपाल शहर के प्रवीण सक्सेना और ग्रामीण अनोखी पटेल, बुरहानपुर शहर के हर्ष टाक रिंकू और ग्रामीण रविंदर महाजन को भी जिम्मेदारी दी गई है।

सूची में इंदौर शहर के चिंटू चौकसे और ग्रामीण विपिन वानखेड़े, जबलपुर शहर के सौरभ नाटी शर्मा और ग्रामीण संजय यादव, उज्जैन शहर मुकेश भाटी और ग्रामीण महेश परमार, मुरैना शहर गजेंद्र जाटव और ग्रामीण मधुराज तोमर जैसे नेता शामिल हैं।

सागर शहर के महेश जाटव और ग्रामीण भूपेंद्र सिंह मोहासा को नियुक्ति सीधे दिल्ली से मिली। उमरिया के विजय कोल, सागर ग्रामीण के भूपेंद्र सिंह मोहासा और देवास ग्रामीण के मनीष चौधरी को लेकर भी चर्चा रही।

भाजपा ने इस पर तंज कसते हुए कहा कि पटवारी ने अपनी पसंद से नेताओं को आगे बढ़ाया। नई नियुक्तियों से कांग्रेस ने आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए महिला और समाज के विभिन्न वर्गों को साधने का प्रयास किया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह सूची न केवल अनुभव और जातीय संतुलन पर आधारित है, बल्कि पार्टी के अंदरूनी समीकरणों को देखते हुए बनाई गई रणनीति का भी हिस्सा है।

---

पुण्यतिथिपर श्रद्धासुमन **भारत रत्न वाजपेयी ने देश को समर्पित कर दिया जीवनः सीएम डॉ. यादव**

# पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी की पुण्यतिथि एवं कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती पर मुख्यमंत्री ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

डीआर संवाददाता भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि एवं श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटलबिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर शौर्य स्मारक के समीप उनकी प्रतिमा पर एवं श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती पर कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में उनकी स प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने बैतूल विधानसभा क्षेत्र के खेड़ीसांवलीगढ़ ग्रामीण मंडल के बूथ क्रमांक 32 एवं गंज मंडल जवाहर वार्ड के बूथ क्रमांक 110 पर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने शौर्य स्मारक, न भदभदा और पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने शौर्य स्मारक, कुशाभाऊ ठाकरेकन्वेंशन सेंटर, भदभदा एवं प्रदेश कार्यालय में श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी देश सेवा की महान मिसाल थे। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने पूरे विश्व में भारत का मान बढ़ाया और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपना सम्पूर्ण जीवन देश को समर्पित कर दिया। कठिन से कठिन परिस्थितियों और चुनौतियों के बीच भी उन्होंने कभी राष्ट्र के हितों से समझौता नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुशाभाऊ ठाकरे ने अपना सम्पूर्ण जीवन देश सेवा को समर्पित कर दिया था। वे संगठन के कुशल शिल्पकार थे, जिनकी सांगठनिक दक्षता ने हजारों-लाखों व्यक्तियों को राष्ट्रप्रेम, जनसेवा और जनसंघ से जोड़ा।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी को बैतूल में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल का जन्म देश सेवा के लिए ही हुआ था और उन्होंने अपना समूचा जीवन देश के लिए ही जीया।

### भदभदा में किया पौधारोपण

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती पर भदभदा स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के पश्चात एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधे लगाए।

## बच्चे की जगह खुद ही मटकी फोड़ने लगे नेता, सीएम नाराज



डीआर संवाददाता भोपाल

धार अमझा-झमका में शनिवार को मटकी फोड़ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सामने भाजपा नेता और पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमल यादव अति उत्साहित होकर खुद मटकी फोड़ने लगे।

इसका वीडियो कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।वीडियो में देखा गया कि भाजपा नेता कमल यादव के हाथों में एक कृष्ण रूपी बच्चा था। कृष्ण रूपी बच्चा डंडे से मटकी फोड़ने की कोशिश कर रहा था।

इस दौरान दो बार डंडा मटकी पर लगने के बावजूद मटकी नहीं फूटी। इस पर भाजपा नेता कमल यादव अति उत्साहित हो गए और अपने हाथों से मटकी फोड़ने की कोशिश की। इसमें मटकी फूटी नहीं, बल्कि जमीन पर गिर गई। इस पर मुख्यमंत्री कुछ मिनटों के लिए नेता पर भड़क गए।

# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर भाद्रपद कृष्ण पक्ष 09 - 2082 सीहोर, दिन रविवार, दिनांक 17 अगस्त 2025


## न्यूज गैलरी

### आज किया जाएगा मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन

**सीहोर।** रविवार को महूआखेड़ापुरा नई कालोनी पार्वती डेम पर भगवान श्री कृष्ण की जन्माष्टमी के पावन अवसर पर शाम को मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया है।इस संबंध में जानकारी देते हुए खुमान सिंह गुर्जर ने बताया कि रविवार को होने वाली इस भव्य मटकी फोड़ प्रतियोगिता रविवार की रात्रि को आयोजित की जाएगी। इस जो भी टीम इसमें शामिल होना चाहती है। वही संपर्क कर सकती है। प्रतियोगिता का प्रथम इनाम 51 सौ रुपए है। समिति में रामदयाल तंवर, देवी सिंह तंवर, इंदर सिंह, राजेश तंवर, संतोष प्रजापति, प्रकाश तंवर, विजय सिंह, भगवान सिंह, सोनू गुर्जर, राजेश तंवर आदि शामिल है।

### भजन कार्यक्रम के दौरान गिरी बिजली

**सीहोर।** भजन-कीर्तन में बड़ा हादसा टला इछावर क्षेत्र के ग्राम "ब्रिजिशनगर" में कल शाम आयोजित भजन-कीर्तन कार्यक्रम के दौरान बड़ा हादसा टल गया। रामदेव महाराज के निसान पर अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। घटना के समय बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी, लेकिन सौभाग्य से कोई घायल नही हुआ।

### एचएसआरपी नही तो रजिष्ट्रेशन रिन्यू नही

**सीहोर।** वाहन चालकों के लिए हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगवाना अनिवार्य है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा 15 अगस्त के बाद 3 महीने के लिए विशेष अभियान शुरू किया जाएगा। जिन वाहन मालिकों ने अब तक अपनी गाड़ियों पर एचएसआरपी नही लगवाई है, वे न तो वाहन के पीयूसी (पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट) बनवा पाएंगे और ना ही 15 साल पुराने वाहनों का रजिस्ट्रेशन रिन्यू करा पाएंगे।

### नाबालिग लड़की को इंदौर स्टेशन से किया बरामद

भैरूंदा। भैरूंदा पुलिस ने 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को इंदौर रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया। उसे बहला-फुसलाकर ले जाने वाले युवक शिवा सारसवाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। 10 अगस्त 2025 को एक युवक ने भैरूंदा थाने में अपनी नाबालिग बहन के लापता होने की शिकायत दी थी। उसने बताया शाम करीब 5:30 बजे उसकी बहन बिना बताए घर से चली गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज किया। दोनों को इंदौर रेलवे स्टेशन पर पाया गया। लड़की को सुरक्षित बरामद कर उसका बयान लिया गया। मेडिकल जांच कराई गई।

### महापुरुषों के रूप में बच्चों ने जीवंत अभिनय किया

**सीहोर।** बचपन प्ले स्कूल और अव्या पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी का आयोजन एक साथ हुआ। मुख्य अतिथि और स्कूल की निदेशक डॉ. रचना शर्मा ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद तिरंगे को सलामी दी। नॉर्मल स्कूल के बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा में मंच पर प्रस्तुति दी। महात्मा गांधी, भगत सिंह, रानी लक्ष्मीबाई, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और चंद्रशेखर आजाद के रूप में बच्चों ने जीवंत अभिनय किया। दर्शकों ने तालियों से स्वागत किया।

**जन्माष्टमी** शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरुआत राधेश्याम मंदिर ग्वालटोली से हुई

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी रिमझिम बारिश के बीच यादव समाज ने धूमधाम से मनाई



डीआर संवाददाता» सीहोर

रिमझिम बारिश के बीच शनिवार को यादव समाज ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई। इस मौके पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरुआत राधेश्याम मंदिर ग्वालटोली से हुई। यह शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई मनकामेश्वर मंदिर पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में राधा-कृष्ण के रूप में सजे कलाकारों ने भजनों पर प्रस्तुति दी। बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। चल समारोह में कई झांकियां सजाई गई। पालकी में भगवान कृष्ण की प्रतिमा विराजित की गई। शहरवासियों ने जगह-जगह पालकी की पूजा-अर्चना की। कोतवाली चौराहे पर मंच बनाकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने चल समारोह अध्यक्ष लक्ष्मण यादव और श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा से स्वागत किया।

इधर, शनिवार को खजांची लाइन स्थित श्रीजी की हवेली में जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। यहां सुबह 7.30 बजे ठाकुरजी को पंचामृत स्नान कराया गया। फिर सुबह 11 बजे से 12 बजे राजभोग और तिलक दर्शन हुए। इसके बाद रात 9 बजे से 12 बजे ठाकुरजी के जन्म दर्शन व पंचामृत स्नान, आरती हुई। इधर, आज दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक श्रीजी की हवेली में नंद महोत्सव मनाया जाएगा। इसके बाद मंगला, श्रृंगार और शयन के समय दर्शन नही होंगे।

**जन्माष्टमी: युवाओं ने फोड़ी दही हांडी**

इछावर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर इछावर में हिंदू उत्सव समिति ने भव्य शोभायात्रा निकाली। नगर के प्रमुख मार्गों पर मटकी फोड़ कार्यक्रम हुआ। आजाद चौक, मुख्य पान चौराहा, वर्मा चौक, रामलीला चौक और खेड़ीपुरा सहित कई स्थानों को सजाया गया। इन चौराहों पर मटकी फोड़ आयोजन हुआ। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर टोली का स्वागत किया। इसके बाद अलग-अलग टीमों ने मटकी फोड़ने का प्रयास किया। कई स्थानों पर मटकी फोड़ी गई। रात को कृष्ण मंदिरों में जन्मोत्सव मनाया गया। आधी रात के बाद प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम पर निपानिया कला में रही धूम



डीआर संवाददाता» श्यामपुर

सीहोर श्यामपुर रोड स्थित निपानिया कला में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर हिंदू उत्सव समिति ने भव्य शोभायात्रा निकाली। नगर के प्रमुख मार्गों पर मटकी फोड़ कार्यक्रम हुआ। हनुमान मंदिर में सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। मध्य रात्रि में ग्राम में स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इससे पहले शाम सात बजे मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजेता को पुरस्कृत किया गया। सहित कई स्थानों को सजाया गया। मटकी फोड़ आयोजन हुआ। ग्रामवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर टोली का स्वागत किया। इसके बाद अलग-अलग टीमों ने मटकी फोड़ने का प्रयास किया। कई स्थानों पर मटकी फोड़ी गई। रात को कृष्ण मंदिरों में जन्मोत्सव मनाया गया। आधी रात के बाद प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

सीहोर रोड स्थित खजुरिया बंगला स्थित हनुमान मंदिर परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान में मंदिर में धार्मिक आयोजन किया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी श्यामपुर, दोराहा, अहमदपुर, बरखेड़ा हसन, घरनाल, झरखेड़ा, खजुरिया बंगला सहित संपूर्ण क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई

## कुछ मिनटों की झमाझम, सड़कों पर पानी-पानी

डीआर संवाददाता»दोराहा जोड़



दोराहा जोड़ में शनिवार दोपहर अचानक काले बादल छाए और देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। कुछ ही मिनटों की बारिश ने शहर की सड़कों को पानी-पानी कर दिया। लोगों ने गर्मी और उमस से राहत की सांस ली, वहीं अचानक बरसी इस बारिश से कई जगह राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश का दौर भले ही थोड़े समय का रहा, लेकिन इतनी देर में ही गलियों और निचले इलाकों में पानी जमा हो गया। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में प्रदेश में बारिश का सिलसिला तेज हो सकता है और सीहोर समेत आसपास के जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना बनी हुई है।

## सीहोर में पिकअप से टक्कर, बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत

डीआर संवाददाता»सीहोर



सीहोर के पिपलिया मीरा गांव के पास शनिवार दोपहर एक पिकअप और बाइक की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। दो घायल है।जानकारी के अनुसार, श्यामपुर निवासी 28 वर्षीय शाहरुख खान अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ बाइक पर बिलकीसगंज जा रहे थे। पिपलिया मीरा के पास सामने से आ रही बोलेरो पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी।हादसे में शाहरुख की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी पत्नी और दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। चार साल के बेटे ओयान ने रास्ते में दम तोड़ दिया। पत्नी और आठ माह की बेटी को भोपाल रेफर किया गया है।

### तेज रफ्तार में था पिकअप वाहन

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिकअप चालक तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था। टक्कर के बाद पिकअप सड़क से उतर गई। वह खजूर के पेड़ से टकराकर रुक गई। ड्राइवर मौका पाकर फरार हो गया। कोतवाली पुलिस ने पिकअप को जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। घटना की सूचना पर मृतक के परिजन और ग्रामीण जिला अस्पताल पहुंच गए।

### ससुराल से घर लौट रहा था शाहरुख

पुलिस के मुताबिक शाहरुख पिता मजीद खान (28) निवासी श्यामपुर, बाइक से अपनी पत्नी और बच्चे के साथ ससुराल डोबरा बिलकिसगंज से वापस अपने घर आ रहा था। पिपलियामीरा के पास पिकअप वाले ने बाइक में टक्कर मार दी।

## राजीव गुजराती को दोबारा मिली कांग्रेस जिला अध्यक्ष की कमान

डीआर संवाददाता»सीहोर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष "जीतू पटवारी" का समर्थक और भरोसेमंद माना जाता है।

मध्यप्रदेश कांग्रेस हाई कमान ने संगठन सृजन अभियान के तहत राज्य के सभी जिलों के लिए नए जिला अध्यक्षों की सूची जारी कर दी है। सीहोर जिले में इस बार भी "राजीव गुजराती" को जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। वे पहले भी इसी पद पर कार्यरत थे और अब एक बार फिर कमान संभाल रहे है।

राजीव गुजराती नगर पालिका सीहोर के वार्ड क्रमांक 5 से पार्षद है। राजनीति में उनका अनुभव काफी गहरा हैय वे पहले "युवा कांग्रेस" और "एनएसयूआई" के जिला अध्यक्ष भी रह चुके है। उनके करीबी सूत्रों के अनुसार, उन्हें

जिला अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया में कांग्रेस हाई कमान ने संगठन सृजन अभियान के दौरान जिले में पर्यवेक्षक नियुक्त किए। इन पर्यवेक्षकों ने विधानसभा और ब्लॉक स्तर पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से राय-मशविरा किया। इसके बाद सभी पहलुओं पर विचार कर जिला अध्यक्षों की नई नियुक्ति की घोषणा की गई।

## मोमबत्ती जलाकर किया शहीदों को नमन



डीआर संवाददाता»आष्टा

79वें स्वतंत्रता दिवस पर नपा कार्यालय के सामने कम्युनिटी हाल परिसर में स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा की उपस्थिति में शहीदों को याद कर मोमबत्ती प्रज्ज्वलित की गई। कार्यक्रम में पार्षद डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, अरशद अली, सुभाष नामदेव, रवि शर्मा, विशाल चौरसिया शामिल हुए। राजस्व निरीक्षक मनोहर जावरिया, लेखापाल मनीष श्रीवास्तव, मोहम्मद इसरार, गब्बू सोनी, कृष्णमोहन जोशी, अन्य नपा कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## भैरूंदा पुलिस ने 24 घंटे के अंदर चोरी के आरोपी को गिरफ्तार

डीआर संवाददाता»भैरूंदा।

फरियादी कैलाश कुमार, पिता श्री जगराम प्रजापति, उम्र 50 वर्ष, निवासी वार्ड क्र. 11, बजरंग कुटी, भैरूंदा ने पुलिस को रिपोर्ट दी कि वे "जयरामा पीर किराना" के नाम से घर पर ही दुकान चलाते हैं।

उन्होंने बताया कि दिनांक 09.08.2025 की रात्रि लगभग 9 बजे से 10.08.2025 की सुबह तक कोई अज्ञात चोर उनके घर का ताला तोड़कर दुकान के लॉकर से लगभग ₹25,000 चोरी कर गया। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक दु 451/2025, धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत पंजीबद्ध कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

### पुलिस कार्यवाही



सीहोर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला को नकबजनी की सूचना प्राप्त होने पर आरोपी की त्वरित गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुनिता रावत और एसडीओपी श्री रोशन जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भैरूंदा ने अपराध क्रमांक 451/25 धारा 331(4), 305 बीएनएस के अज्ञात आरोपी की तलाश हेतु टीम गठित की।

तलाश में मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया और नगर में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की पहचान की गई। तकनीकी सहायता के बाद आरोपी "आयुष वारिया", पिता चैन सिंह वारिया, उम्र 19 वर्ष, निवासी बजरंग कुटी, भैरूंदा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से नगदी ₹17,000 और घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड जप्त की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया

छह क्विंटल से अधिक फलहारी प्रसादी का भोग लगाया गया और यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण

## मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर विशेष अनुष्ठान किया

डीआर संवाददाता»सीहोर



सीहोर। हर साल की तरह इस साल भी क्षेत्र में जन्माष्टमी का पर्व मनाया जा रहा है, इसको लेकर शनिवार को जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर विशेष अनुष्ठान किया गया था। सुबह छह क्विंटल से अधिक फलहारी प्रसादी का भोग लगाया गया और यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया। विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा सहित अन्य ने यहां पर श्रद्धालुओं को साबूदाने की खिचड़ी, छाछ और मोरधन आदि की प्रसादी का वितरण किया गया। इसके अलावा महाराष्ट्र से आने वाले बड़ी संख्या में कावड़ यात्रियों का स्वागत किया। इन दिनों महाराष्ट्र के श्रद्धालु प्रतिदिन बड़ी संख्या में आ रहे हैं और शहर के सीवन नदी के तट से धाम पर पहुंच रहे है।

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि धाम पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के निर्देशानुसार जन्माष्टी का पावन पर्व मनाया गया। इस मौके पर यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। श्री दीक्षित ने बताया कि जहां कृष्ण है वहां आनंद है और जहां आनंद है वहां कृष्ण है। जन्म से लीला संवरण तक भले ही उनका जीवन संघर्षों की अनंत कथा है, मगर उनके अधरों पर हमेशा मधुर मुस्कान खिली रही। हमारे जीवन में कान्हा के होने का अर्थ है, हर पल प्रसन्नता से भरा हुआ है। अपने जीवन को सफल, सार्थक और उन्हीं की भांति यशस्वी बना सकते हैं। संसार की रणभूमि में अपने जीवन की महाभारत में जय के लिए कृष्ण के जीवन सूत्र ही लक्ष्य सिद्धि के कारगर मंत्र है। भगवान श्रीकृष्ण का जीवन प्रेम का पर्याय है। वे मां, पिता, भाई बलराम, सखा अर्जुन और गोपियों सहित प्रकृति मात्र, यहां तक कि पशु-पक्षियों से भी सदैव प्रेम करते हैं।

## दरगाह के सामने फहराया तिरंगा, बांटी मिठाई



डीआर संवाददाता»सीहोर

हजरत दूल्हा बादशाह बाबा सर्व धर्म हिंदू मुस्लिम एकता दरगाह कमेटी द्वारा स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। दरगाह के सामने राष्ट्रीय ध्वज लहराया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ की प्रदेश अध्यक्ष नौशाद खान मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। झंडा वंदन कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्वधर्म दरगाह कमेटी अध्यक्ष रिजवान पठान ने की। राष्ट्रीय गान के बाद हिंदुस्तान जिंदाबाद भारत माता की जय के नारे लगाए गए। बच्चों को मिठाई का वितरण किया।

# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर भाद्रपद कृष्ण पक्ष 09– 2082 सीहोर, दिन रविवार, दिनांक 17 अगस्त 2025


## न्यूज गैलरी

### शिक्षक भर्ती परीक्षा आवेदन अब 25 तक

**सीहोर।** मप्र कर्मचारी चयन बोर्ड (ईएसबी) ने प्राथमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा-2025 के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 25 अगस्त कर दी है। पहले यह तारीख 1 अगस्त थी। बोर्ड ने यह बदलाव इसलिए किया क्योंकि एमपी बोर्ड ने डीएलएड का रिजल्ट 1 अगस्त के बाद जारी किया। ऐसे में बड़ी संख्या में अभ्यर्थी आवेदन से वंचित रह जाते। हालांकि नए बदलाव में आवेदन में सुधार के लिए एक दिन ही दिया गया है, जबकि पहले छह दिन मिले थे।

### स्वतंत्रता दिवस पर वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान

**रेहटी।** सिलाई कला बोर्ड के अध्यक्ष मनोहरलाल माहेश्वरी ने स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण और राष्ट्रगान से हुई। समारोह में प्रतिभा सम्मान और वरिष्ठ नागरिक सम्मान भी हुआ। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वालों और समाज सेवा में सक्रिय वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया। माहेश्वरी ने कहा स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव नहीं, यह देश के प्रति समर्पण और जिम्मेदारी निभाने का दिन है। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे अपनी कला, मेहनत और प्रतिभा से देश को आगे बढ़ाएं।

### धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**इछावर।** ग्राम आर्या में 79वां स्वतंत्रता दिवस उल्लास के साथ मनाया गया। गांव के शासकीय और अशासकीय शैक्षणिक संस्थानों में तिरंगा फहराया गया। ग्राम पंचायत और हाई स्कूल में सरपंच मदन सिंह पटेल ने ध्वजारोहण किया। मिडिल स्कूल में शिक्षक जीवन सिंह ठाकुर ने झंडा फहराया। सहकारी समिति में प्रबंधक जितेंद्र सिंह ठाकुर और दुग्ध संघ समिति में विक्रम सिंह सिसोदिया ने ध्वजारोहण किया। सभी संस्थाओं में मिठाई बांटी।

### स्कूल में भेंट किया वाटर कूलर

**रेहटी।** रेत ठेका कंपनी यूफोरिया माइंस एंड मिनरल्स कंसोर्टियम प्राइवेट लिमिटेड ने 15 अगस्त के मौके पर शासकीय विद्यालय जहाजपुरा और मठठागांव में वाटर कूलर लगाए। मठठागांव के प्राचार्य जगदीश मेहरा, सरपंच राकेश यादव, जहाजपुरा के प्राचार्य रामभरोसे कीर और सरपंच अर्जुन गौर ने कंपनी के इस कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों को गर्मी में राहत मिलेगी। इस अवसर पर कंपनी के सीनियर मैनेजर मोहन राव, पेरिया सामी, मैनेजर दिनेश कुशवाह आदि मौजूद थे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुति दी

**बिलकिसगंज।** ग्राम उलझावन के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम हुए। झंडावंदन विद्यालय की प्राचार्य डॉ. नुजहत अनीस ने किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने ग्रुप डांस, नाटक और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि मुकेश वर्मा और सरपंच प्रतिनिधि पिंटू वर्मा रहे।

### एचएसआरपी नहीं तो रजिस्ट्रेशन रिन्यू नहीं

**सीहोर।** सीहोर वाहन चालकों के लिए हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगवाना अनिवार्य है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा 15 अगस्त के बाद 3 महीने के

---

**मौसम का मिजाज** जिले में 24 घंटे में 17 मिलीमीटर बारिश दर्ज, पिछले साल से कम बारिश

# सावन सूखा, भादौ में पहली बार झमाझम, तेज बारिश के आसार

डीआर संवाददाता» सीहोर

सावन सूखा निकलने के बाद भादों में पहली बार तेज बारिश हुई है। जिले में औसत बारिश का कोटा अभी तक पूरा नहीं हुआ है, बारिश की रफ्तार धीमी पड़ गई है। जिले में अभी पिछले साल की बराबर भी बारिश नहीं हुई है, जिसे लेकर सभी चिंतित हैं।



शनिवार को करीब एक 10 दिन बाद सीहोर, आष्टा, भैरुंदा में दोपहर से शाम तक रुक-रुककर बारिश हुई। हालांकि, बुदनी, इछावर में बूंदाबांदी ही हुई है। यह बारिश खेतों में मुरझाती सोयाबीन फसल के लिए अमृत के सामान है। बीते एक सप्ताह से तेज धूप और गर्मी के कारण खेतों की नमी कम हो रही थी, जिससे सोयाबीन सूखने लगी थी। जिले में शुक्रवार रात में भी हल्की बारिश हुई थी। शनिवार सुबह बारिश का दौर थम गया था, दोपहर तक धूप छांव की स्थिति बनती रही, लेकिन दोपहर बाद अचानक मौसम ने यूटर्न लिया और बारिश का दौर शुरू हो गया। आष्टा में आधे घंटे से ज्यादा हुई झमाझम बारिश से पुराना बस स्टैंड, बुधवारा, काछीपुरा में जलभराव की स्थिति बन गई थी। इससे आसपास के दुकानदारों और आवाजाही करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसी तरह से सीहोर, भैरुंदा में भी अच्छी बारिश हुई है। बारिश का मौसम शुरू हुए 77 दिन बीतने के बाद कोटा पूरा नहीं हो पाया है। भू अभिलेख शाखा के अनुसार बीते 24 घंटे में शनिवार सुबह 8 बजे तक जिले में 17 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई है, जिसे मिलाकर एक जून से अब तक औसत बारिश का आंकड़ा 698.2 मिमी हुआ है। पिछले साल इस अवधि तक 787.9 मिमी बारिश हुई थी। इस बार औसत का कोटा पूरा होने में अब भी 450.2 मिमी बारिश की जरूरत है।

**कहां कितनी बारिश**

| तहसील | आज | अब तक |
|---|---|---|
| सीहोर | 8.0 | 692.5 |
| श्यामपुर | 0.00 | 664.9 |
| आष्टा | | 502.0 |
| जावर | 53.3 | 460.0 |
| इछावर | 4.0 | 682.3 |
| भैरुंदा | 27.0 | 694.0 |
| बुदनी | 14.0 | 1001.0 |
| रेहटी | 14.2 | 885.4 |

(नोट रू बारिश भू अभिलेख शाखा के अनुसार मिलीमीटर में है।)

### दवा छिड़काव कर सकेंगे

तापमान अधिक रहने और पिछले कुछ समय से बारिश नहीं होने से सोयाबीन फसल में कीट, इल्ली प्रकोप बढ़ गया था। यह पौधे की पत्ती, फली को नुकसान पहुंचा रहे थे। बारिश के अभाव में किसान फसल में कीटनाशक दवा का छिड़काव नहीं कर पा रहे थे। अब बारिश होने से दवा छिड़काव कर सकेंगे, जिससे कीट, इल्ली पर काफी हद तक नियंत्रण हो सकेगा।

### आगे कैसा रहेगा मौसम

*मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर सत्येंद्रसिंह तोमर ने बताया कि 19 अगस्त तक मौसम में कोई परिवर्तन नहीं है। इसी तरह से बादल छाने के साथ रुक-रुककर हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान है। शनिवार को दक्षिण पूर्व की तरफ से 4.5 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चली। न्यूनतम तापमान 24.5 और अधिकतम 32.5 डिग्री सेल्सियस रेकॉर्ड हुआ है।*

*जिले में अभी लगातार तीन दिन तेज बारिश होने का कोई आसार नहीं है। बादल छाने के साथ ही हल्की बारिश होगी। आगामी दिनों में जरूर तेज बारिश हो सकती है।*

डॉ. एसएस तोमर, मौसम वैज्ञानिक आरएके कृषि कॉलेज सीहोर



---

# बरखेड़ी दोराहा में रानी अवंतीबाई लोधी की 194वीं जन्म जयंती धूमधाम से मनाई



डीआर संवाददाता» दोराहा

सीहोर जिले के ग्राम "बरखेड़ी दोराहा" में आज अखिल भारतीय लोधी-लोधा-लोध महासभा द्वारा सन 1857 की क्रांति की प्रथम प्रणेता और स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना "रानी अवंतीबाई लोधी" की 194वीं जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में स्थानीय समाज के लोग, युवा और महिलाएं विशेष रूप से शामिल हुए। रानी अवंतीबाई लोधी की वीरता, साहस और देशभक्ति को याद करते हुए उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। आयोजकों ने कहा कि रानी अवंतीबाई लोधी ने स्वतंत्रता संग्राम में अद्वितीय योगदान दिया और आज भी उनके संघर्ष और त्याग से प्रेरणा मिलती है। जन्म जयंती समारोह के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। लोधी समाज के जिला अध्यक्ष जनपद सदस्य डा रमेश लोधी ने रानी अवंतीबाई के साहस और बलिदान को याद करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। समाज के बुजुर्गों ने भी अपने अनुभव और कहानियों के माध्यम से रानी अवंतीबाई लोधी के ऐतिहासिक योगदान को साझा किया।

समारोह के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने "वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी अमर रहे" के नारे लगाकर सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर ध्वज, तिरंगा और राष्ट्रीय प्रतीकों के माध्यम से देशभक्ति की भावना को और मजबूत किया गया। इस प्रकार, ग्राम बरखेड़ी दोराहा में रानी अवंतीबाई लोधी की 194वीं जन्म जयंती "सद्भाव, श्रद्धा और उत्साह के साथ" मनाई।

---

## जन्माष्टमी पर निकाली शोभायात्रा, राधा-कृष्ण को कराया नगर भ्रमण

डीआर संवाददाता» भैरुंदा

नगर में जन्माष्टमी पर राधा-कृष्ण मंच अध्यक्ष बंटी यादव के नेतृत्व में भव्य चल समारोह निकाला गया। शोभायात्रा बीव्हीएम इंटरनेशनल स्कूल से शुरू हुई, जो सीहोर नाका, मेन रोड, मिलन गार्डन रोड, रायल मार्केट, जेपी मार्केट, दुर्गा मंदिर चौराहा, बस स्टैंड होते हुए कृषक संगोष्ठी भवन पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में आगे डीजे, बैंड-बाजे और घोड़े चल रहे थे।



बग्गी पर राधा-कृष्ण विराजमान थे। उनकी झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। लोक कलाकारों ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किए। कई जगह हैरतअंगेज करतब भी दिखाए गए। नगर के व्यापारियों, सामाजिक संगठनों, नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, पार्षदों और जनप्रतिनिधियों ने जगह-जगह फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। मिलन गार्डन रोड, दुर्गा मंदिर चौराहा, बस स्टैंड और भोपाल रोड पर भी स्वागत हुआ। संगोष्ठी भवन में विधिपूर्वक पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण किया गया। अंत में कृषक संगोष्ठी भवन में यादव समाज के बंटी यादव, विनय यादव, यादव सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया।

## जोश और उत्साह से मनाया स्वतंत्रता दिवस

डीआर संवाददाता» सीहोर

सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित कन्या शिक्षा परिसर सीहोर में जोश और उत्साह से मनाया स्वतंत्रता दिवस कन्या शिक्षा परिसर सीहोर में हर्षोल्लास के साथ 79 वे स्वतंत्रता दिवस को मुख्य अतिथि सीहोर गोविन्द नेत्रालय जिले के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जितेंद्र मंघानी की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ परंपरागत रूप में विद्यालय



प्रबंधन एवं प्राचार्य द्वारा तिलक, पटका एवं पुष्प गुच्छ से अतिथि महोदय का अभिनंदन किया गया, बालिकाओं द्वारा मधुर स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम का आगाज किया गया तत्पश्चात देशभक्ति से ओतप्रोत समूह गीत एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति व देशभक्ति कविता एवं भाषण के माध्यम से छात्राओं ने स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजली अर्पित की एवं अपनी ओजस्वी वाणी से देश की आजादी में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर क्रांतिकारियों को नमन किया तदुपरांत बालिकाओं ने अपनी कला का प्रदर्शन दिखाते हुए पाइप बैंड का मनमोहक व रोमांचित करने वाला प्रदर्शन प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया मुख्य अतिथि डॉ. मंघानी ने अपने उद्बोधन में 200 वर्षो की ब्रिटिश गुलामी एवं भारतीयों द्वारा सहे गए जुल्मों एवं ब्रिटिशों द्वारा किए गए अत्याचारों पर विस्तृत अपने विचार प्रस्तुत किए एवं ब्रिटिश गुलामी से आजाद कराने वाले क्रांतिकारियों को नमन किया।

### देवनारायण धाम मंदिर में यात्रा कर किया झंडा स्थापित

**अहमदपुर।** अहमदपुर से 20 किलोमीटर दूर लोदीपुरा गांव स्थित भगवान देवनारायण धाम मंदिर में शनिवार सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। आसपास के गांवों से सैकड़ों महिला-पुरुष हाथों में झंडा लेकर पदयात्रा करते हुए मंदिर पहुंचे। श्रद्धालु भगवान देवनारायण के धाम में सुख-शांति, अच्छी वर्षा और फसल की कामना करते हैं। ग्राम उंदई, नाईहेड़ी और अन्य गांवों से भी बड़ी संख्या में भक्त झंडा यात्रा लेकर मंदिर पहुंचे। – मंदिर परिसर में झंडा स्थापित किया गया। इसके बाद सभी श्रद्धालु नृ महाआरती में शामिल हुए। यात्रा का व्य समापन देवनारायण धाम मंदिर परिसर में हुआ।

## स्वतंत्रता दिवस पर काव्य एवं विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

डीआर संवाददाता» आष्टा।

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शहर के वैशालीनगर स्थित संविधान हाउस पर अधिवक्ता मंच द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। संविधान हाउस के व्यवस्थापक इरशाद खान ने ध्वजारोहण किया। इसके सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रभक्ति गीत, छोटे छोटे बच्चों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। उपस्थित जनों ने अपने वक्तव्य में वीरों के बलिदानों को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के दूसरे चरण में समता साहित्य और सृजन साहित्य परिषद के तत्वाधान में काव्य एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें अतिथि के रूप में



एडवोकेट अनिल मोथला भोपाल, साहित्यकार हरिओम शर्मा दाऊ, सृजन साहित्य परिषद अध्यक्ष विनोद मसारी रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता डा आरएस गटटानी ने की। कवि द्वारका बासुरिया, हीरालाल शर्मा, डा बिजेन्द्र जायसवाल, कृष्णा सूर्यवंशी, विभा राठौर, लक्ष्मण सिंह चौकसे, गोविंद लोवानिया, नरेन्द्र बाजर, जोरावर सिंह, अतिथि कवि एवं अध्यक्षीय काव्यपाठ डा गटटानी ने किया। कार्यक्रम का संचालन डा बिजेन्द्र जायसवाल ने किया। एवं आभार व्यक्त एडवोकेट नरेन्द्र बाजर द्वारा किया गया। इस मौके पर एडवोकेट रईस अली, मनोज मालवीय, लखन सिंह वर्मा, रविन्द्र मेवन्, सचिनजी अधिवक्तागण एवं लाडसिंह कटारिया, विनोद मालवीय, सचिन कटारिया, नीरज मालवीय, ज्योति सूर्यवंशी, संध्या, विद्या अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## रोटरी क्लब और इनरव्हील क्लब ने किया पौधा रोपण

डीआर संवाददाता» सीहोर

क्षेत्र में लंबे समय से रोटरी क्लब और इनरव्हील क्लब ने सीहोर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा। इस कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण को हरा-भरा बनाना और स्थानीय समुदाय में जागरूकता फैलाना है। प्रधान जिला न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के निर्देशानुसार जिला न्यायालय में क्लब के तत्वाधान में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर अनेक न्यायाधीश आदि न्यायालय का स्टाफ और क्लब के पदाधिकारी मौजूद थे।

कार्यक्रम के दौरान, रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव और न्यायाधीश स्वप्नश्री सिंह के निर्देशानुसार कोर्ट परिसर में पौधा रोपण किया गया है। पौधारोपण का उद्देश्य न्यायालय में लम्बित प्रकरणों की सुनवाई हेतु उपस्थित होने वाले पक्षकारों को न्यायालय परिसर सीहोर में प्रतीक्षा हेतु वर्तमान की तुलना में अधिक सुविधाओं की उपलब्धता आवश्यक है। विशेष रूप से ऐसे पक्षकार जो अपने साथ छोटे बच्चों को लेकर आते हैं, उन्हें बैठने या बच्चों के लिए सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण की अनुपलब्धता के कारण असुविधा का अनुभव होता है। कार्यक्रम के दौरान इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष नेहा विजयवर्गीय, अर्पित पालीवाल, कपिल अग्रवाल, विपुल चावक आदि शामिल थे।

मानवीय संवेदनशीलता एवं जनहित में सकारात्मक कदम सिद्ध होगा।

उन्होंने कहाकि वर्तमान में न्यायालय परिसर में कोई ऐसा स्थान नहीं है जहाँ पक्षकार शांति से प्रतीक्षा कर सकें अथवा जहा बच्चों को थोड़ी राहत मिल सके। परिणामस्वरूप, वे परिसर के विभिन्न स्थानों पर इधर-उधर बैठने को विवश होते हैं, जिससे न केवल परिसर की गरिमा प्रभावित होती है, बल्कि अव्यवस्था की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है। न्यायालय परिसर में स्थित उद्यान के सौंदर्यीकरण एवं उसे बाल मैत्रीपूर्ण स्वरूप देने की दिशा में आवश्यक पहल करें। जिससे पक्षकारों को एक सुखद एवं व्यवस्थित वातावरण प्राप्त हो सके।

---

**भगवान श्रीकृष्ण और राधा की प्रतिमा के साथ निकले इस शोभायात्रा में बच्चे श्रीकृष्ण-राधा की वेशभूषा में शामिल हुए**

## आष्टा में जन्माष्टमी उत्सव श्री कृष्ण चल समारोह और महाआरती से हुआ भव्य समापन

डीआर संवाददाता» आष्टा

आष्टा में जन्माष्टमी के मौके पर यादव-अहीर समाज ने शनिवार को भव्य "श्रीकृष्ण चल समारोह" का आयोजन किया। भगवान श्रीकृष्ण और राधा की प्रतिमा के साथ निकले इस शोभायात्रा में बच्चे श्रीकृष्ण-राधा की वेशभूषा में शामिल हुए। नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए चल समारोह मुख्य बाजार पहुंचा, जहां स्थानीय लोगों ने जगह-जगह



इसे भावपूर्ण स्वागत किया।

श्री जगदीशेश्वर धाम में नगर पुरोहित "मनीष पाठक" और भागवत आचार्य "दीपेश पाठक" की उपस्थिति में महाआरती का आयोजन किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। वहीं, नगर के अन्य श्री कृष्ण मंदिरों में भी जन्माष्टमी की धूम रही और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए।

जगदीशेश्वर धाम के पंडित दीपेश पाठक ने बताया कि सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक मंदिर में विशेष आयोजन हुए, जिसमें भक्तों ने भाग लेकर उत्सव को और भव्य बनाया।

चल समारोह में आष्टा विधानसभा के विधायक "गोपाल सिंह इंजीनियर", नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि "राय सिंह मेवाड़ा", नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि "विशाल चौरसिया", नगर अध्यक्ष "पवन यादव", प्रेम यादव, सूरज यादव, साजन यादव और लोकेश यादव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

इस तरह, आष्टा में जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

## न्यायालय परिसर में ध्वजारोहण, विधिक शिविर का आयोजन

डीआर संवाददाता» सीहोर

प्रधान जिला न्यायाधीश एव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष के निर्देश पर विजय डागी, जिला न्यायाधीश एव तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष ने न्यायालय परिसर में ध्वजारोहण किया। इसके बाद विधिक साक्षरता शिविर हुआ। शिविर में डागी ने मौलिक अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत के हर नागरिक को स्वतंत्रता, समता, धार्मिक स्वतंत्रता, संवैधानिक उपचार, शोषण से सुरक्षा,



सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार मिलते हैं। डागी ने कहा कि संविधान का पालन करना हर नागरिक का कर्तव्य है। नागरिकों को उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का सम्मान करना चाहिए। स्वतंत्रता संग्राम के उच्च आदर्शों को हृदय में संजोकर रखना चाहिए।

# डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | श्रावण शुक्ल पक्ष 09- 2082 | विदिशा, दिन रविवार, दिनांक 17 अगस्त




## न्यूज गैलरी

### अब परीक्षाओं में देना होगी अपार आईडी

**विदिशा।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित की जाने वाली सभी परीक्षाओं के आवेदन भरने के दौरान अपार आईडी देने का प्रावधान लागू कर दिया गया है। अगले सत्र से केवल वे ही विद्यार्थी परीक्षा के लिए आवेदन कर सकेंगे जिनकी अपार आईडी होगी। सत्र 2025-26 के लिए प्रवी से 12वीं तक भरे जाने वाले आवेदन पत्रों में अपार आईडी को वैकल्पिक किया गया है। अगले सत्र, यानी 2026-27 से, यह व्यवस्था अनिवार्य रहेगी। इस संबंध में मंडल ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

### आज नंद महोत्सव व दधिखाना मेला

**विदिशा।** जन्माष्टमी के द्वितीय पावन दिवस रविवार को शहर में नंद महोत्सव-दधिखाना मेला धूमधाम से होगा। श्री द्वारिकाधीश मंदिर से सायं 4 बजे बधाई गायन व नंद घर आनंद भयो-जय कन्हैयालाल की जयघोष के साथ चल समारोह प्रारंभ होगा। यह शोभायात्रा धर्माधिकारी कार्यालय स्थित प्राचीन राधाकृष्ण मंदिर, कार्तिक चौक स्थित सत्यनारायण मंदिर व श्री बालाजी मंदिर होकर गुजरेगी। हर स्थान पर मटकी छेदन, बधाई गायन और आरती होगी। बालाजी मंदिर में मेला लगेगा। अंत में शोभायात्रा पुनः द्वारिकाधीश मंदिर पहुंचेगी, जहां मंगल आरती व प्रसाद वितरण के साथ समापन होगा।

### पुण्यतिथि और जयंती पर किया याद

**विदिशा।** भारतीय जनता पार्टी विदिशा द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर अटल उद्यान, अहमदपुर रोड स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विधायक मुकेश टंडन, लोकतंत्र सेनानी रमनलाल गोयल, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान, प्रशांत खत्री, दिनेश कुशवाह और अन्य वक्ताओं ने वाजपेयी के जीवन और कार्यशैली पर प्रकाश डाला। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। इसी क्रम में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती कुशाभाऊ ठाकरे खेल परिसर, कनारा क्रिकेट ग्राउंड पर मनाई गई।

### पालकी झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

**विदिशा** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि गुलाबगंज में जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण की पालकी झांकी आकर्षण का केंद्र केंद्र रही, जहां उपस्थित जनसमूह ने दर्शन किए। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने कहा कि भारत में व्याप्त भ्रष्टाचार, विकार और धर्मग्लानि को देखकर लोग श्रीकृष्ण के पुनः अवतरण की आशा करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वास्तव में श्रीकृष्ण कलियुग में नहीं, बल्कि महाविनाश के बाद सतयुग के आरम्भ में जन्म लेते हैं और वैकुण्ठ की स्थापना करते हैं। उन्होंने बताया कि गीता में वर्णित धर्मसंस्थापनार्थाय म्भवामि युगे युगेश का महावाक्य स्वयं अशरीरी परमपिता परमात्मा शिव का है,

### आज नंद महोत्सव मनाया जाएगा

**विदिशा।** जन्माष्टमी के द्वितीय पावन दिवस रविवार को शहर में नंद महोत्सव-दधिखाना मेला धूमधाम से होगा। श्री द्वारिकाधीश मंदिर से सायं 4 बजे बधाई गायन व "नंद घर आनंद भयो-जय कन्हैयालाल की" जयघोष के साथ चल समारोह प्रारंभ

---

### जन्माष्टमी चल समारोह पहले और अब 1990 के बाद महिलाएं भी चल समारोह में शामिल होती है

# 48 साल पहले हाथठेले पर भगवान की फोटो रखाकर निकलते थे यादव समाज

डीआर संवाददाता ⏭ **विदिशा**

शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व पूरे शहर में उल्लास के साथ मनाया गया। यादव समान ने शहर में भव्य चल समारोह निकाला। चल समारोह की शुरुआत श्रीराधा-कृष्ण मंदिर माधवगंज से हुई। इसके बाद माधवगंज मेन मार्केट, तिलक चौक, बड़ा बाजार, बजरिया होते हुए रामलीला चौराहे तक जुलूस निकाला गया। इसमें यादव सरदार पारंपरिक परिधान पहनकर निकले। यादव समाज का जन्माष्टमी जुलूस इमरजेंसी के दो साल बाद 1977 से निकलना शुरू हुआ था। करीब 48 साल पहले भैरों मंदिर से चल समारोह की शुरुआत हुई थी। उस समय जुलूस में कुछ समाज के लोग हाथ ठेले में भगवान बालकृष्ण की फोटो रखकर माइक से भजन गाते हुए निकलते थे। पहले यह जुलूस रेलवे ओवरब्रिज के नीचे भैरों मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर मेन मार्केट होते हुए माधवगंज स्थित श्रीराधा-कृष्ण मंदिर



तक जाता था। 1990 के बाद जुलूस में शामिल लोग बैंडबाजा और डीजे की धुन पर नाचते-गाते निकलते हैं। चल समारोह में अब पुरुषों के साथ महिलाएं भी शामिल होती हैं, जबकि इससे पहले महिलाएं चल समारोह में शामिल नहीं होती थीं। पहले घर-घर जाकर चल समारोह के लिए आमंत्रित किया जाता था, लेकिन अब प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया का सहारा लेते हैं।

#### अब बैंडबाजा और डीजे की धुन पर नाचते-गाते निकलते हैं श्रद्धालु

श्री द्वारिकाधीश की निकाली झांकीचल समारोह के दौरान द्वारिकाधीश भगवान श्रीकृष्ण की एक विशाल प्रतिमा को एक वाहन में विराजित किया गया में लोगों को आकर्षित कर रही थी। श्री भगवान की यह प्रतिकृति और जुलूस

#### पहलवानों ने दिखाए हैरतंगेज करतब

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के जुलूस में पहलवानों का भी एक दल शामिल था। यह दल अपने हाथों में मुद्गल लेकर अपने हैरतंगेज करतब दिखा रहा था। सबसे आगे दो घुड़सवार चल रहे थे। उनके पीछे ढीने और बैंडबाजा की धुन पर लोग नाचते-गाते चल रहे थे। भगवान कृष्ण, बलराम और ग्वालबालों के प्रतिरूप एक रथ पर सवार होकर चल रहे थे। यादव समाज के प्रतिष्ठित और वरिष्ठ नागरिक चंदनसिंह यादव ने बताया कि 1975 में लगी इमरजेंसी के दो साल बाद विदिशा में यादव समाज ने जन्माष्टमी पर पारंपरिक जुलूस की शुरुआत की थी। पहले यह चल समारोह छोटे रूप में था। बाद में इसमें लोग जुड़ते गए। अब भव्य जुलूस निकलता है। पहले घर-घर जाकर

#### 5 घंटे तक चला भजन और नृत्य का सिलसिला

शहर में यादव समाज ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी चल समारोह समिति के बैनर तले दोपहर 1 बजे भव्य चल समारोह निकाला, जो माधवगंज चौक के पास अग्रवाल धर्मशाला से शुरू हुआ। इसमें महाराष्ट्र के नागपुर और पुणे से आए कलाकार आकर्षण का केंद्र बने हुए थे। एक विशाल ट्राला में यादव समाज ने निकाला जुलूस।

#### इमरजेंसी के दो साल बाद शुरू किया था जुलूस

लोगों को आमंत्रित करते थे। अब ऐसा नहीं होता है। पूर्व पार्षद शिवराज सिंह यादव बताते हैं कि साल 1990 के बाद भव्य जुलूस निकलने लगा। उस समय चंदनसिंह यादव, सतेंद्र यादव, सहित अनेक लोगों का योगदान रहा। सवार होकर गायक कलाकार अपने भजनों की प्रस्तुति देते हुए चल रहे थे। इस बार मथुरा-वृंदावन से नृत्य करने वाले कलाकारों को नहीं बुलाया गया। केवल गायक कलाकारों ने ही अपनी प्रस्तुति दी। करीब 5 घंटे तक नृत्य और भजनों का सिलसिला चलता रहा।

#### भगवान के उपदेशों से जीवन में कर सकते हैं सुधार

शाम 5.30 बजे चल समारोह का समापन रामलीला तिराहा स्थित राधाकृष्ण मंदिर में हुआ। यहां एक धर्मसभा का आयोजन हुआ। इसमें वक्ताओं ने लोगों को श्रीकृष्ण के उपदेशों पर चलने की बात कही। जुलूस में आयोजन समिति के अध्यक्ष रामपाल यादव, पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र यादव, पूर्व पार्षद राजेश यादव, समाज के जिलाध्यक्ष रविंद्र यादव, रजनीश यादव, जितेंद्र यादव सहित समाज के कई पदाधिकारियों के अलावा समाज के सभी वर्गों के गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

#### 120 शहीदों की फोटो के साथ निकाली कलश यात्रा

---

## वोटचोरी के खिलाफ विदिशा में कांग्रेस का कैंडल मार्च



डीआर संवाददाता ⏭ **विदिशा।**

विदिशा। विधानसभा चुनाव को लेकर उठ रहे सवालों और मतदाता सूची में धांधली के आरोपों को लेकर कांग्रेस ने गुरुवार रात विदिशा में कैंडल मार्च निकाला। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी की और भाजपा पर चुनावी बेईमानी का आरोप लगाया। कैंडल मार्च शहर के मुख्य बाजार से निकला, जिसमें पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष रघुवंशी ने कहा कि प्रदेशभर में मतदाता सूची में गड़बड़ियां उजागर हो रही हैं। कई विधानसभा क्षेत्रों और पोलिंग बूथों पर एक ही व्यक्ति का नाम दर्ज पाया गया है। यहां तक कि एक मतदाता का नाम अलग-अलग राज्यों में भी मौजूद है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता के लिए लोकतंत्र और जनता के अधिकारों से खिलवाड़ कर रही है। रघुवंशी ने कहा कि राहुल गांधी ने 7 अगस्त को इस संबंध में सबूत पेश किए, लेकिन निर्वाचन आयोग कार्रवाई करने के बजाय उल्टा कांग्रेस नेताओं से शपथ पत्र मांग रहा है।

इससे पहले 11 अगस्त को कांग्रेस ने वोट चोरी के विरोध में पुतला दहन किया था। अब पार्टी ने ऐलान किया है कि 22 अगस्त को न्याय सत्याग्रह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेशभर से कार्यकर्ता शामिल होंगे। कांग्रेस ने साफ कहा कि यह लड़ाई किसी दल की नहीं बल्कि आम मतदाता के अधिकारों की है और इसके लिए आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं की जाती।

---

## एसडीएम की वजह से जनपद अध्यक्ष हुईं असहज

डीआर संवाददाता ⏭ **सिरोंज**

सांदीपनि स्कूल में हुए स्वतंत्रता दिवस समारोह की मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष पुष्पाबाई यादव को एसडीएम हर्षल चौधरी की वजह से असहज स्थिति का सामना करना पड़ा। मुख्य कार्यक्रम में विधायक उमाकांत शर्मा भी पहुंचे थे। मंच पर मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष और विधायक को एक ही सोफे पर बैठाया गया था। वहीं अन्य सोफे और कुर्सियों पर अन्य अधिकारी और जनपद अध्यक्ष बैठे थे। एसडीएम नपाध्यक्ष



मनमोहन साहू के साथ सोफे पर बैठे थे। ध्वजारोहण के बाद विधायक शर्मा ने एसडीएम हर्षल चौधरी को कुछ कहने के लिए अपने पास बुलाया। एसडीएम ने अपनी कुर्सी छोड़ी और सोफे पर ही जनपद अध्यक्ष और विधायक के बीच में बैठ गए। एसडीएम के बैठते ही जनपद अध्यक्ष असहज होती दिखाई दीं। इसके बाद एसडीएम ने इसी सोफे पर बैठकर काफी देर तक कार्यक्रम देखा और जनपद अध्यक्ष असहज होकर ही बैठी रहीं। इस समय ऐसा लग रहा था कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम हर्षल चौधरी ही हो गए हों। मंच पर रखे सोफे पर अचानक बीच में आकर बैठे एसडीएम। इसी सोफे पर उनके समीप बैठी जनपद अध्यक्ष असहज होती दिखाई दीं।

#### घटना को शर्मनाक बताया

कांग्रेस नेत्री राजकुमारी रघुवंशी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर वीडियो और तस्वीर साझा कर इस घटनाक्रम को शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा कि खुद को टॉपर बताकर ज्ञान बांटने वाले एसडीएम को संविधान की गरिमा और मर्यादाओं का ज्ञान नहीं है। एसडीएम हर्षल चौधरी ने विधायक के पास बैठने की अपनी चाह को पूरा करने के लिए प्रोटोकॉल को ही एक तरफ रख दिया। यह संवैधानिक पद और महिलाओं का अपमान है।

## रेलवे ट्रैक पर युवक का शव, मौत से पहले भेजा वीडियो

डीआर संवाददाता ⏭ **विदिशा**

सागर पुलिया के पास रेलवे ट्रैक पर 25 वर्षीय शुभम मालवीय का शव मिला। करैया खेड़ा निवासी शुभम ने मौत से पहले रात 1रु30 बजे भाई को वीडियो भेजकर कहा था कि कुछ लोग उसका पीछा कर रहे हैं और अगर उसे कुछ हुआ तो वही जिम्मेदार होंगे।

परिजनों का आरोप है कि शुभम की हत्या की गई है और वीडियो में जिन लोगों के नाम



लिए गए, उन्हीं पर संदेह जताया गया है। उन्होंने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

पुलिस फिलहाल धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) में मामला दर्ज करने की बात कह रही है, जबकि परिजन इसे हत्या (धारा 302) मान रहे हैं। जीआरपी मामले की जांच कर रही है और तथ्य सामने आने पर आगे की कार्रवाई होगी।

---

## अवंती बाई को श्रद्धांजलि दी नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

डीआर संवाददाता ⏭ **विदिशा**

वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी का 194वां जन्मोत्सव अवंती बाई चौराहे स्थित स्मारक पर मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, भाजपा नेता मनोज कटारे, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथि शामिल हुए। अतिथियों ने रानी के जीवन पर प्रकाश डाला। लोगों से उनके पदचिन्हों पर चलने की अपील की। बड़ी संख्या में आमजन और समाजजन कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम का संचालन प्रताप सिंह लोधी ने किया। अंत में मिष्ठान वितरण हुआ। सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष डॉ. सुनील लोधी, आलोक संघ जिला अध्यक्ष अध्यक्ष कैलाश कैलाश लोधी, लोधी, पूर्व पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर सिंह लोधी, डॉ. जय सिंह नरवरिया सहित कई लोग मौजूद रहे।

### वीडियो बनाने पर पीटा

**विदिशा।** सिरोंज स्वतंत्रता दिवस पर अवैध शराब की बिक्री का कवरेज करने गए मीडियाकर्मी के साथ मारपीट हुई। ठेकेदार के कुछ लोग दुकान के पीछे शराब बेच रहे थे। प्रशासन की रोक के बावजूद यह बिक्री हो रही थी। मीडियाकर्मी ने इसका वीडियो बना लिया। कुछ देर बाद उन्हीं लोगों ने मीडियाकर्मी से मारपीट कर दी।

## कांग्रेस ने जारी की सूची विदिशा में मोहित रघुवंशी फिर बने जिला अध्यक्ष

डीआर संवाददाता ⏭ **विदिशा।**

कांग्रेस ने जिलाध्यक्षों की नई सूची जारी की, जिसमें विदिशा जिले की कमान दोबारा मोहित रघुवंशी को सौंपी गई। वे 2024 में पहली बार जिला अध्यक्ष बने थे और एनएसयूआई से राजनीति की शुरुआत की थी। रघुवंशी युवा कांग्रेस अध्यक्ष, नगरपालिका पार्षद और कार्यकारी जिला



अध्यक्ष रह चुके हैं। पार्टी ने एक दर्जन से अधिक दावेदारों के बीच उनके अनुभव व सक्रियता पर भरोसा जताया। वे जीतू पटवारी के करीबी माने जाते हैं और अपने पिछले कार्यकाल में भाजपा सरकार के खिलाफ कई आंदोलनों का नेतृत्व कर चुके हैं।

नियुक्ति पर उन्होंने कांग्रेस आलाकमान का आभार जताते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी सेवा का अवसर है। वे कार्यकर्ताओं और जनता को साथ लेकर संगठन को मजबूत करेंगे और भाजपा की नीतियों के खिलाफ संघर्ष जारी रखेंगे।

### बच्चों को बताया तिरंगे का महत्व

**विदिशा।** बेतवा लायंस क्लब ने प्ले स्कूल में बच्चों के साथ ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत क्लब अध्यक्ष सीमा शर्मा, सचिव रेखा यादव, स्कूल संचालिका भारती मिश्रा और हेड मिस्ट्रेस हिमांशी वाधवानी ने तिरंगा फहराकर की। कोषाध्यक्ष नवनीता पांडेय ने बच्चों को आबादी का महत्व समझाया। उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

---

**अग्निवीर आर्मी भर्ती रैली** स्टेशन से स्टेडियम तक व्यवस्थाओं का खाका तैयार

## सेना भर्ती रैली 22 से, युवाओं के ठहरने, भोजन, परिवहन और सुरक्षा के इंतजाम

डीआर संवाददाता ⏭ **विदिशा**

जिले में 22 अगस्त से शुरू होने जा रही अग्निवीर आर्मी भर्ती रैली की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शनिवार को जिला खेल स्टेडियम परिसर में बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों से अब तक की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने खुद भी विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कहा कि यह आयोजन युवाओं के भविष्य से जुड़ा है। ऐसे में किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो, इसके लिए सभी कार्य समय सीमा से पहले पूर्ण कराए जाएं। भर्ती स्थल तक आने-जाने वाले युवाओं की सुविधा के लिए जिला परिवहन अधिकारी को आवश्यक संख्या में बसों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर सूचना प्रसारण, बैठने



की व्यवस्था और हेल्प डेस्क बनाए जाएंगे। साथ ही रास्तों पर संकेतक चिन्ह लगाए जाएंगे, ताकि बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को कोई असुविधा न हो। रेलवे स्टेशन पर विशेष टिकट काउंटर और एनाउंसमेंट सिस्टम भी संचालित रहेगा।

#### कलेक्टर ने स्टेडियम और छात्रावास का किया निरीक्षण

#### सुरक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्थाएं

भर्ती रैली को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने, स्टेडियम निकासी द्वार, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड की सुरक्षा रणनीति साझा की।

स्वास्थ्य

निरीक्षण किया और दिशा-निर्देश दिएरु कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जैन कॉलेज परिसर स्थित नवनिर्मित छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने ठहरने की सुविधाओं, शौचालयों, पानी और साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने की तैयारियों की समीक्षा, विभागवार जिम्मेदारियां तय की।

विभाग ने भर्ती स्थल पर मेडिकल टीम, एम्बुलेंस और ड्रग टेस्टिंग की व्यवस्था की है। वहीं अग्निशामक वाहन, चलित शौचालय, रोड रोलर, जेसीबी मशीन और पानी के टैंकर भी स्टेडियम परिसर में उपलब्ध रहेंगे।

#### ठहरने के लिए दो स्थान तय

जिले में बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को ठहराने के लिए दो स्थलों का चयन किया गया है। इनमें पुलिस कंट्रोल रूम के पास स्थित कम्युनिटी हॉल और जैन कॉलेज परिसर में आदिम जाति कल्याण विभाग का नवनिर्मित छात्रावास शामिल है। यहां गद्दे, पलंग, शौचालय, पेयजल और साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। भोजन और पेयजल की सुविधा के लिए जिला आपूर्ति अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। भर्ती अवधि के दौरान नाश्ता, खाना और पानी रियायती दरों पर उपलब्ध रहेगा। साथ ही, ही, स्थानीय होटल और लॉज से समन्वय कर किफायती दरों पर रुकने की व्यवस्था भी की जा रही है।

#### एमपी ऑनलाइन व कंप्यूटर ऑपरेटर भी तैनात होंगे

तकनीकी सहयोग के लिए एनआईसी द्वारा स्टेडियम में पांच हाईस्पीड इंटरनेट कनेक्शन लगाए जाएंगे। बारकोड स्कैनर, एमपी ऑनलाइन और कंप्यूटर ऑपरेटर भी तैनात किए जाएंगे।

## 30 प्रतिभाओं का सम्मान ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र दिए

डीआर संवाददाता ⏭ **विदिशा**

स्वतंत्रता दिवस पर ग्राम बरों के शासकीय हाई स्कूल में स्व. दानेंद्र दुबे स्मृति सम्मान समारोह हुआ। इसमें कक्षा 1 से 10 तक के 30 होनहार छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

ग्राम पंचायत बरों की सरपंच रक्षा दुबे और स्कूल के प्राचार्य तोरण सिंह विश्वकर्मा ने वरिष्ठ नागरिकों की मौजूदगी में बच्चों का उत्साह बढ़ाया। स्व. दानेंद्र दुबे न्यास के अध्यक्ष राजेश दुबे ने बताया, न्यास की स्थापना 2014 में हुई थी। तब से हर साल बच्चों को सम्मानित करने की परंपरा चल रही है।

उन्होंने कहा, न्यास का उद्देश्य ग्रामीण बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ाना है।



शिक्षा को आसान बनाना, प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखना और खासतौर पर बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना भी लक्ष्य है।

समारोह में ग्राम पंचायत और सहकारी समिति के पदाधिकारी, स्कूल स्टाफ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पूर्व छात्र-छात्राएं, वर्तमान विद्यार्थी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अभिषेक बघेल ने किया। अंत में शिक्षक दिलीप सक्सेना ने सभी का आभार जताया।

# डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन | भाद्रपद कृष्ण पक्ष-09,2082 | राजगढ, दिन रविवार,दिनांक 03 अगस्त 2025


## न्यूज गैलरी

### सुठलिया में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकाला चल समारोह

**ब्यावरा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी हर वर्ष की तरह इस बार भी सरस्वती शिशु मंदिर मे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान स्कूल के छात्रों द्वारा नगर में चल समारोह निकाला गया। बच्चों की भगवान श्रीकृष्ण की वेशभूषा में सजावट की गई। चल समारोह में वासुदेव और भगवान कृष्ण की झांकी सजाई गई। राम मंदिर चौराहा, गांधी चौक, बस स्टैंड पर सुंदर गरबा नृत्य किया गया। नगर में जगह–जगह चल समारोह का स्वागत किया गया।

### शराब को लेकर 2 लोग भिड़े, केस दर्ज

**अशोकनगर।** देहात थाना क्षेत्र में शराब को लेकर दो लोगों में विवाद हो गया। जानकारी अनुसार मुकेश पुत्र उधम अहिरवार 60 साल निवासी पूजा कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई किमहाराज के घर के पीछे था। वहीं पर राजकुमार अहिरवार मिला। मैंने उससे कहातेरे पास जो शराब है उसमें से थोड़ी दे दे। उसने 50 रुपए ले लिए और कहा कि शराब नहीं दी।पैसे मांगने पर लोहे के पाइप से मारपीट कर दी। मारपीट कर दी।।

### बहू को ससुराल भेजने पर विवाद

**अशोकनगर।** ढपिपरई थाना क्षेत्र में बहू को ससुराल भेजने को लेकर विवाद हो गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया। जानकारी अनुसार बलवीर सिंह पुत्र कमलसिंह यादव 50 साल निवासी कानोन बजरंगगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि भतीजे शिवराज की ससुराल ग्राम बंधी में उसकी पत्नी सिंगलेश को लेने गए थे। हमने शिवराज के ससुर जोधन सिंह से कहा कि सिंगलेश को भेज दें।

### एचआईवी को लेकर किया जागरूक

**अशोकनगर।**ग्राम सभाओं के दौरान एचआईवी जागरुकता कार्यक्रम किए गए। जिसके तहत ग्राम अमाही के ग्राम पंचायत कार्यालय में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्णा बाई सरपंच एवं महेश कुशवाह उप सरपंच ने की। संतोष भार्गव एसटीआई परामर्शदाता द्वारा एचआईवी एड्स एचआईवी एड्स फैलने के चारों कारणों को विस्तृत रूप से समझाया एवं लक्षणों को भी बताया। साथ ही जो भ्रांतियां समाज में व्याप्त हैं उन भ्रांतियां को दूर करने के लिए भी बताया।

### राज्यमंत्री कृष्णा गौर का भ्रमण आज

**अशोकनगर।**पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विमुक्त घुमंतू और अर्ध घुमंतु कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कृष्णा गौर 17 अगस्त को जिले की तहसील चंदेरी एवं मुंगावली के भ्रमण पर रहेंगी। जारी कार्यक्रम अनुसार कृष्णा गौर 17 अगस्त को सुबह 9 बजे भोपाल से प्रस्थान कर दोपहर 12रू30 बजे चंदेरी आएंगी तथा दोपहर 2 बजे भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव समारोह में भाग लेंगी। दोपहर 3 बजे मुंगावली के लिए प्रस्थान कर 3.30 बजे मुंगावली आएंगी।

### रंजिश में की मारपीट

**अशोकनगर।**बहादुरपुर थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश पर चाकू व पाइप से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी अनुसार बबलू पुत्र चिरोंजीलाल गोली 45 साल निवासी सोपरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मैं अपने घर पर सो रहा था।

---

छात्रावास में 250 छात्राएं रह रही थी, आग से 25 छात्राओं का सामान खाक

# शार्ट सर्किट से छात्रावास में लगी आग, 2 लाख रुपए का सामान जलकर नष्ट

डीआर संवाददाता ⏭ सारंगपुर



शहर के समीप सुठालिया रोड पर बरखेड़ा गांव में कस्तूरबा गांधी छात्रावास में 15 अगस्त की सुबह शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। आग की वजह से छात्रावास में पलंग पर बिछे गद्दे, तकिया, बेडशीट, पंखे, प्लाई, खिड़की–दरवाजे, पंखे के साथ छात्राओं के कपड़े, बैग और किताबें जलकर खाक हो गई। आग की सूचना लगते ही गांव में अफरा–तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर मौके पहुंची फायर ब्रिगेड ने लगभग एक घंटे से अधिक समय की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पर

स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम मे शामिल होने गई थी छात्राएं

हालांकि आग की वजह से छात्रावास के कमरे में रखा लगभग पूरा सामान जलकर खाक हो गया। आग की वजह से छात्रावास में लगभग 2 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। सूचना पर सिटी पुलिस के साथ एसडीएम गीतांजलि शर्मा और तहसीलदार सुभाष अलावे मौके पर पहुंचे और आग से जले सामान का निरीक्षण किया गया। पटवारी ने छात्रावास में आग से हुए नुकसान का पंचनामा तैयार किया है। सिटी थाना प्रभारी वीरेंद्र धाकड़ ने बताया कि बरखेड़ा गांव मे शार्ट सर्किट की वजह से कस्तूरबा छात्रावास में आग लग गई थी। फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग लगने की वजह की जांच की जा रही है।

छात्राओं के स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में जाने से बड़ा हादसा टला

शुक्रवार सुबह 9 बजे शार्ट सर्किट की वजह से कस्तूरबा कन्या छात्रावास के कमरे में आग लग गई। जिस समय कमरे मे आग लगी, उस समय सभी छात्राएं स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए स्कूल गई थी। छात्रावास के कर्मचारियों ने कमरे से धुआं उठता देखा तो अधीक्षिका चंदनबाला के साथ अन्य स्टाफ को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही छात्रावास स्टाफ के साथ ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पहले छात्रावास की टंकी के पास आग बुझाने का प्रयास किया गया। उसके बाद बाल्टी में रखी रेत आग पर डाली गई, लेकिन आग पर काबू नहीं पाने के बाद फायर ब्रिगेड बुलाई गई

### 250 छात्राएं छात्रावास में रह रही थीं

बरखेड़ा गांव में 2006 में कस्तूरबा गांधी छात्रावास का निर्माण किया गया था। 2007 से छात्राएं छात्रावास में रह रही है। वर्तमान में छात्रावास में 250 छात्राएं रहकर पढ़ाई कर रही हैं। जिस कमरे में आग लगी उसमें 25 छात्राएं रह रही

इस तरह आग से जले सामान को बाहर फेंकते कर्मचारी।

थी। कमरे में 15 पलंग रखे हुए है। सभी में फोम वाले गद्दे होने की वजह से आग जल्दी भड़क गई। जिससे कमरे में रखा लगभग पूरा सामान जलकर खाक हो गया। हालांकि आग की वजह से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई हैं।

### छात्राओं का सामान जलने से घर भेजा

कस्तूरबा छात्रावास में शार्ट सर्किट की वजह से कमरे में रखा अधिकतर सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया है। छात्राओं को रुकने में हो रही परेशानी की वजह से सभी के परिजनों को बुलाकर घर भेज दिया गया है। छात्रावास में

जले हुए सामान को बाहर निकालकर पुनर्निर्माण किया जा रहा है। पुनर्निर्माण होने के बाद छात्राएं छात्रावास में रुक पाएगी। हालाकि इतने दिन तक छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित होने की संभावना है।

### 2 लाख का नुकसान

शार्ट सर्किट की वजह से कस्तूरबा कन्या छात्रावास में आग लग गई थी। आग की वजह से कमरे में रखा लगभग पूरा सामान जलकर खाक हो गया है। आग की वजह से लगभग 2 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। सभी छात्राएं कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। चंदनबाला यादव, अधीक्षिका, कस्तूरबा कन्या छात्रावास, बरखेड़ा।

---

# भिंड में एनआरआई परिवार पर हमला कार पर बरसे डडे-पत्थर, बेटा-बेटी घायलय सिख समाज ने किया थाने का घेराव



डीआर संवाददाता ⏭ अशोकनगर

भिंड जिले के गोहद में गुरुवार को लंदन से आए एनआरआई दंपती और उनके परिवार पर बदमाशों ने चलती कार पर हमला कर दिया। डंडे और पत्थरों से हुए इस हमले में बेटे रोहनप्रीत सिंह के चेहरे और बेटी रवनीत कौर के हाथ मे चोटें आई। कार के शीशे भी टूट गए। इस घटना का वीडियो शुक्रवार को सामने आया, जिसके बाद सिख समाज और ग्रामीणों मे भारी आक्रोश फैल गया।जानकारी के अनुसार डॉ. विक्रमजीत सिंह अपनी पत्नी राजवीर कौर, बेटी और बेटे के साथ ढाई साल बाद ससुराल फतेहपुर आए थे। वे स्टेशन रोड पर फल खरीद रहे थे, तभी थाने पर पदस्थ आरक्षक कुलदीप कुशवाहा बिना वर्दी के वहां आया और अभद्रता करने लगा। परिवार ने वीडियो बनाए जाने का विरोध किया तो वह भड़क गया और फोन कर साथियों को बुला लिया। आरोप है कि इन्हीं लोगों ने बाद मे कार पर हमला किया।

पीड़ित डॉ. विक्रमजीत ने बताया कि आरोपी ने उन्हें "सरदार, गाड़ी हटाओ" कहकर अपमानित किया और धमकी दी। इसके बाद कार से निकलते समय बदमाशों ने उन पर हमला बोल दिया। घायल बच्चों का उपचार कराया गया। इस घटना की शिकायत इंडियन एम्बेसी तक पहुच चुकी है।घटना के विरोध में शनिवार को एक दर्जन से अधिक गांवों के लोग थाने पहुंचे। सिख समाज के सैकड़ों लोग श्वाहे गुरुश का जाप करते हुए थाने के बाहर धरने पर बैठ गए और आरक्षक पर एफआईआर की मांग करने लगे। हालात को संभालने पहुंचे एसडीओपी महेंद्र सिंह गौतम और अन्य अधिकारियों ने आश्वासन देकर भीड़ को शांत करने की कोशिश की।

---

# अशोकनगर जिला कांग्रेस की कमान अब राजेंद्र कुशवाहा के हाथ में

डीआर संवाददाता ⏭ अशोकनगर



कांग्रेस संगठन ने शनिवार शाम जिला अध्यक्षों की सूची जारी की, जिसमें अशोकनगर जिले की कमान 50 वर्षीय राजेंद्र कुशवाहा को सौंपी गई है। लंबे समय से सक्रिय और साफ–सुथरी छवि के लिए पहचाने जाने वाले कुशवाहा को पार्टी ने संगठन को मजबूती देने की जिम्मेदारी दी है।

राजेंद्र कुशवाहा कांग्रेस में विभिन्न पदों पर अपनी सक्रियता दिखा चुके है। वे युवक कांग्रेस के जिला महामंत्री, नगर पालिका पार्षद, मंडी सदस्य और कांग्रेस जिला कार्यकारी अध्यक्ष रह चुके हैं। हाल ही में वे शहर कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में भी काम कर रहे थे और उनके कार्यकाल में संगठन में कोई बड़ा विवाद सामने नहीं आया। उनकी पत्नी किरण कुशवाहा वर्तमान में नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 17 से पार्षद हैं।कुशवाह समाज में उनका अच्छा प्रभाव है। वे समाज के अध्यक्ष भी हैं और लगातार सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहते हैं। उनके पिता स्वर्गीय बलबीर सिंह कुशवाह जिले के कद्दावर नेता थे और विधायक भी रहे। उनके ही कार्यकाल में अशोकनगर को गुना जिले से अलग कर स्वतंत्र जिला बनाने का निर्णय हुआ था। इस कारण क्षेत्र की राजनीति में उनके परिवार की गहरी पैठ रही है।

राजनीतिक रूप से राजेंद्र कुशवाहा पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह के करीबी माने जाते हैं। उनके पिता के दिग्विजय सिंह से भी अच्छे संबंध रहे हैं।

---

# स्वतंत्रता दिवस पर गांधी-अंबेडकर की तस्वीरें हटाने पर विवाद, बसपा ने जताया विरोध

डीआर संवाददाता ⏭ अशोकनगर

जिले के पठार स्थित स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान मंच से महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीरें हटाए जाने का मामला विवादों में आ गया है। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद बसपा ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देकर दोषी शिक्षकों पर कार्रवाई की मांग की है। बसपा कार्यकर्ताओं के अनुसार 15 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में भारत माता, गांधी और अंबेडकर की तस्वीरें मंच पर रखी गई थीं। लेकिन कार्यक्रम शुरू होने से पहले शिक्षिका रश्मि रघुवंशी ने, प्राचार्य अल्पना रघुवंशी की मौजूदगी में, गांधी और अंबेडकर की तस्वीरें हटा दीं। वीडियो में तस्वीरें पहले रखी और बाद में हटाई जाती साफ नजर आ रही हैं। बसपा ने इसे स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों का अपमान बताते हुए कहा कि इससे छात्रों में गलत संदेश गया है। पार्टी ने दोषियों के निलंबन की मांग की है।

प्रिंसिपल का कहना है कि मामला वरिष्ठ अधिकारी देख रहे हैं। वहीं, जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर सिसोदिया ने जांच के आदेश दिए है और रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

---

# बिजली गिरने से 6 बकरियों की मौत, चरवाहा सुरक्षित

डीआर संवाददाता ⏭ राजगढ



भोजपुर थाना क्षेत्र के पीपलखेडी गांव में शुक्रवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से बड़ा हादसा हुआ। इस घटना में चरवाहे मांगीलाल सोंधिया की छह बकरियां मौके पर ही मर गईं, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के समय मांगीलाल स्कूल के पास अपने मवेशी चरा रहा था। गनीमत रही कि वह बाल–बाल बच गया।

अचानक मौसम बदलने और तेज बारिश के बीच बिजली गिरने से बकरियों का झुंड चपेट में आ गया। हादसे के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल बकरियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। मांगीलाल ने बताया कि बकरियां ही उसका मुख्य जीविकोपार्जन का साधन थीं। इतनी बडी संख्या में नुकसान होने से परिवार संकट में आ गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है, ताकि वे इस क्षति से उबर सकें।

---

कचनार क्षेत्र के कोलूआ गांव में शुक्रवार को 23 साल के किसान की मौत

# खेत में कीटनाशक छिड़कते समय सांप के डसने से युवक की मौत

डीआर संवाददाता ⏭ अशोकनगर



कचनार क्षेत्र के कोलूआ गांव में शुक्रवार को 23 वर्षीय किसान नारायण अहिरवार की सांप के डसने से मौत हो गई। नारायण खेत में कीटनाशक का छिड़काव कर रहा था, तभी जहरीले सांप ने उसे काट लिया।

सांप के डसने के बाद नारायण घर पहुंचा और परिजनों को जानकारी दी। परिजन तुरंत उसे निजी वाहन से जिला अस्पताल ले गए। यहां इलाज शुरू हुआ, लेकिन उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई। डॉक्टरों ने उसे भोपाल रेफर किया, पर रास्ते में बैरसिया के पास ही नारायण ने दम तोड़ दिया।

भोपाल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को वापस जिला अस्पताल लाया गया और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। घटना से गांव में शोक का माहौल है।

---

### दुकान में फैले करंट की चपेट में आने युवक की हुई मौत

ब्यावरा शहर के सुठालिया बायपास रोड पर शुक्रवार दोपहर दोपहर करंट लगने से एक 25 वर्षीय दे युवक की मौत हो गई। यहां बता दें, खरेटिया निवासी संजू पुत्र मांगीलाल वर्मा शहर के सुठालिया बायपास रोड पर बाइक वाशिंग का काम करता था। शुक्रवार दोपहर दुकान पर फैले करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। सिविल

---

**हादसा** सारंगपुर में शुक्रवार सुबह हुई वारदात, आरोपी पति–पत्नी गिरफ्तार

# जमीन बंटवारे के विवाद में बड़े भाई ने कुल्हाड़ी से वार कर की छोटे की हत्या

डीआर संवाददाता ⏭ राजगढ



नगर में शुक्रवार को जमीन को लेकर चल रहे विवाद में वार्ड 1 किड़ी मोहल्ले में बड़े भाई ने अपने ही छोटे भाई के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या करने का मामला सामने आया है। बड़े भाई बाबूलाल पुष्पद ने घर पर ही अपने छोटे भाई कमल पुष्पद 31 पर कुल्हाड़ी से सिर में वार कर हत्या कर दी। कुल्हाड़ी के हमले से कमल का सिर दो हिस्सों में बंट गया। हत्या के बाद आरोपी अपनी पत्नी के साथ घर से फरार हो गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और भगवानसिंह पुत्र दरियाव सिंह पुष्पद 50 की शिकायत पर आरोपी बाबूलाल पुत्र मांगीलाल पुष्पद व उसकी पत्नी सोना बाई के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। घटना के बाद थाना प्रभारी ने पुलिस टीम को आरोपियों को पकड़ने के लिए रवाना किया। पुलिस ने एक घंटे के अंदर आरोपी पति–पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपियों ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर हत्या की गई है। दोनों आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। साथ ही मृतक पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

वार्ड 1 किड़ी मोहल्ले में पंचनामा बनाती पुलिस, इनसेट में मृतक कमल पुष्पद।

### रक्षाबंधन पर मृतक बना था पिता

बताया जाता है कि मृतक कमल सुबह टहलने गया था। घर लौटकर जैसे ही उसने दरवाजा खोला और पीछे से बड़े भाई बाबूलाल ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे कमल की मौके की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सिर फटने से आसपास काफी बह गया। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। घटना के समय मृतक घर पर अकेला था, क्योंकि रक्षाबंधन के दिन ही उसके घर बेटे का जन्म हुआ था और पत्नी मायके में ही थी। इस घटना की जानकारी मिलने पर पत्नी और ससुराल के पक्ष के लोगों को रो–रोकर बुरा हाल है।

जमीन और दुकान बनी मौत का कारण किड़ी मोहल्ला वार्ड 1 के स्व. मांगीलाल पुष्पद के तीन बेटे हैं। बड़ा बेटा बाबूलाल, मंझला कमल और सबसे छोटा दीपक है। तीनों के पास शहर से लगी करीब 4.5 बीघा पैतृक जमीन है, जिस जिसमें फूलों की खेती होती थी। खेती से पर्याप्त आमदनी न होने के कारण कमल ने गांधी चौक में रेडीमेड कपड़ों की दुकान खोली थी। आरोपी बाबूलाल चाहता था छोटे भाई कि दुकान की कमाई में भी उसका हिस्सा होना चाहिए, जबकि कमल का कहना था कि दुकान उसकी निजी मेहनत और उधार लिए पैसों से शुरू की है। इसी बात से दोनों भाइयों में रोजाना विवाद होता था। पैतृक जमीन बंटवारे को लेकर आरोपी व परिवार के अन्य सदस्यों के बीच तीन बार फूलमाली समाज की पंचायत हो चुकी थी, लेकिन विवाद सुलझा नहीं था।

### आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया

प्राथमिक जांच में मामला आपसी रंजिश और जमीनी विवाद का लग रहा है। घटना में आरोपी और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर हत्या का मामला दर्ज किया है। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

—आकांक्षा हाडा, थाना प्रभारी

---

# ठियाई में सूने घर की चोरी का खुलासा, तीन आरोपी और एक नाबालिग



डीआर संवाददाता ⏭

धरनावदा थाना क्षेत्र के ठठियाई मे मई माह में हुए चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। बदमाशों ने सूने घर से करीब डेढ़ लाख रुपये के सोने–चांदी के जेवर, 50 हजार रुपये नकद और दस्तावेज चोरी किए थे। घर मालिक रणवीर राज सिंह अपने रिश्तेदारों के यहां गए थे, लौटने पर उन्हें ताले टूटे और सामान गायब मिला।

शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मुखबिर और तकनीकी संसाधनों की मदद से पुलिस ने चार संदिग्धों को पकड़ा। इनमें राज उर्फ बबलू पारदी (21), जीतू अहिरवार (22), अमन वंशकार (22) और एक नाबालिग शामिल हैं। पूछताछ में सभी ने वारदात कबूल की। पुलिस ने उनके कब्जे से 2 सोने की चूड़ी, टॉप्स की जोड़ी, मंगलसूत्र, 30 हजार नकद और दस्तावेज बरामद किए। [illegible] अंकित सोनी ने खुलासे पर टीम की सराहना की। आरोपियों को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई जारी है।

# डीआर सीहोर

भोपाल, बैरागढ़, बीएचलएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 09– 2082 | भोपाल,दिन रविवार,दिनांक 17 अगस्त 2025


## न्यूज गैलरी

### प्रदेश की जेलों से 156 बंदी रिहा, 6 महिलाएं भी शामिल

भोपाल। स्वतंत्रता दिवस पर मध्यप्रदेश सरकार ने विभिन्न जेलों से आजीवन कारावास काट रहे 156 बंदियों को विशेष रिहाई देने का निर्णय लिया है, जिनमें 6 महिलाएं शामिल हैं। यह रिहाई संशोधित नीति और जेल विभाग की सिफारिश पर होगी। बंदियों ने सजा के दौरान अनुशासन बनाए रखा और व्यावसायिक प्रशिक्षण भी प्राप्त किया। भोपाल से 25, रीवा से 19, सतना से 17 सहित कई जिलों से बंदी रिहा होंगे। अब 15 नवंबर, राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस पर भी अच्छे आचरण वाले बंदी रिहा हो सकेंगे।

### बहला-फुसलाकर अपहरण का केस दर्ज

भोपाल। मे एक अनोखी प्रेम कहानी चर्चा में है। 17 साल 10 माह का किशोर और उससे 11 साल बड़ी महिला एक ही दुकान पर काम करते थे। महिला को किशोर से प्यार हो गया और 30 जून को वह उसे बहला-फुसलाकर ले गई। अपहरण का केस दर्ज हुआ, पर दो महीने बाद किशोर 3 अगस्त को बालिग होते ही रक्षाबंधन पर घर लौट आया। दो दिन बाद महिला भी उसके घर आ गई और साथ रहने लगी। पुलिस अपहरण केस में कार्रवाई कर रही है, मगर किशोर महिला को साथ रखने को तैयार है। शादी का वादा तीन साल बाद का है।

### साड़ी के झूले में फंसकर 12 वर्षीय बालक की मौत

भोपाल। के साईं बाबा नगर में 12 वर्षीय देव विश्वकर्मा की साड़ी के झूले में फंसकर मौत हो गई। बहन ने अपने बच्चे के लिए शेड में साड़ी बांधकर झूला बनाया था। घर में अकेले देव झूलने लगा, तभी साड़ी गले में लिपट गई और दम घुट गया। पड़ोसी ने उसे बेसुध देखा और अस्पताल ले गए, जहां मृत घोषित किया गया। देव की मां का निधन कोरोना में हो गया था, पिता नागपुर में काम करते हैं। पुलिस ने ऐसे झूलों को बच्चों के लिए खतरनाक बताया है।

### अंडरग्राउंड रूट में सबसे बड़ी बाधा दूर

भोपाल। मेट्रो के अंडरग्राउंड रूट में सबसे बड़ी बाधा दूर हो गई है। नादरा बस स्टैंड के पास पुड्डा मिल की ढाई हेक्टेयर जमीन प्रशासन ने कब्जे में लेकर स्ट्रक्चर तोड़ना शुरू कर दिया है, जो शुक्रवार तक पूरा होगा। सरकारी कीमत 75 करोड़ व बाजार मूल्य 125 करोड़ रुपए है। यह जमीन 1939 में नवाब ने पुड्डा मिल के लिए दी थी। हाईकोर्ट ने हाल ही में याचिका खारिज की, जिससे रास्ता साफ हुआ। यहां अंडरग्राउंड मेट्रो रूट बनेगा।

### शहर में 500 स्थानों पर हुआ ध्वजारोहण

मंडीदीप। औद्योगिक शहर मंडीदीप में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्साह का माहौल है। इस मौके पर नगर में 500 से अधिक स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। मुख्य आयोजन सुबह 8 बजे नगर पालिका कार्यालय में हुआ, जहां नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल ध्वजारोहण किया। आयोजन के तहत यहां से विभिन्न स्कूलों के बच्चे नगर पालिका कार्यालय से रैली के रूप में गांधी चौक पहुंचे। जहां ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद रैली पुराने पंचायत भवन पहुंचकर समाप्त हुआ रैली में भारत माता की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान ऑफिसों में भी ध्वज

---

**बड़ी घोषणा** पुलिस भर्ती होगी तेज, पारदर्शी और नियमित- मुख्यमंत्री

# बनेगा पुलिस भर्ती बोर्ड, शहीदों के परिजन को आरक्षणय वीवीआईपी ड्यूटी वाले जवानों को मिलेगा विशेष भत्ता

डीआर संवाददाता» भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वतंत्रता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में बड़ी घोषणाएं करते हुए कहा कि प्रदेश में जल्द ही मध्यप्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड का गठन किया जाएगा। इस बोर्ड के गठन से पुलिस भर्ती प्रक्रिया अधिक "सुगम, निरंतर और पारदर्शी" होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हर साल 7,500 पदों पर भर्ती की जाएगी और तीन साल में पुलिस विभाग के सभी रिक्त 22,500 पद भर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 के लिए स्वीकृत पदों की भर्ती अभी कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल के माध्यम से होगी, जबकि आगामी भर्तियां पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा कराई जाएंगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस, जेल एवं नगर सुरक्षा के शहीदों की विधवाओं और बच्चों के लिए "स्नातक स्तर के कोर्सों में एक अतिरिक्त सीट पर आरक्षण" दिया जाएगा। साथ ही वीवीआईपी मूवमेंट में तैनात सुरक्षाकर्मियों को "छठवें






वेतनमान का विशेष भत्ता एवं जोखिम भत्ता" भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गृह विभाग से जुड़ी सभी सेवाओं के आधुनिकीकरण और भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए गृह एवं वित्त विभाग की संयुक्त बैठक बुलाकर लंबित मसलों का निपटारा किया जाएगा।

### पदक विजेताओं से भेंट और सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित समारोह में पुलिस, जेल एवं नगर सेना और नगर सुरक्षा विभाग के पदक विजेताओं एवं उनके परिजनों से आत्मीय भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अनुशासन, आज्ञाकारिता और सेवाभाव ही यूनिफॉर्म सर्विसेज की पहचान हैं। पदक विजेता अधिकारी-कर्मचारी अपनी निष्ठा और समर्पण से पूरे मध्यप्रदेश का मान बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद लोकतंत्र के लिए हानिकारक है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में वर्ष 2026 तक मध्यप्रदेश को नक्सल मुक्त करने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डकैत उन्मूलन, नक्सल उन्मूलन, नशामुक्ति, साइबर फ्रॉड नियंत्रण, महिला सुरक्षा, गौ तस्करी पर सख्त कार्रवाई और "ऑपरेशन सृजन" जैसे अभियानों ने पुलिस की छवि मजबूत की है।

पदक वितरण- स्वतंत्रता दिवस पर 65 अधिकारियों-कर्मचारियों को पदक प्रदान किए गए। इनमें 12 को वीरता पदक, 8 को राष्ट्रपति का पुलिस पदक, 3 को विशिष्ट सेवा पदक, 32 को सराहनीय सेवा पदक, 5 जेल पुलिस अधिकारियों को और नगर सेना एवं नगर सुरक्षा के 8 अधिकारियों को सराहनीय सेवा पदक प्रदान किए गए।

### पुलिस कल्याण पर फोकस

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस कल्याण के लिए हाल ही में पुलिस अस्पताल, दिशा लर्निंग सेंटर की शुरुआत और शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि देने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने पुलिसकर्मियों से अपने स्वास्थ्य और परिवार पर भी ध्यान देने की अपील की।

### पुलिस महानिदेशक का संबोधन

स्वागत उद्बोधन में डीजीपी कैलाश मकवाना ने बताया कि गुरुवार को प्रदेश में आपातकालीन सेवा "डायल-112" का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा से पुलिस आधुनिकीकरण की दिशा में काम हो रहा है। ई-ऑफिस प्रणाली पुलिस मुख्यालय और फील्ड ईकाइयों में लागू की जा रही है। साइबर फ्रॉड से निपटने के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं और नशे से दूरी है जरूरी अभियान को लोगों से भारी समर्थन मिला है।

---

भोपाल में निकली 'पैगाम-ए-मोहब्बत' रैली

## देशभक्ति गीतों से गूंजा पुराना शहर, पटवारी ने की एकता और भाईचारे की अपील



डीआर संवाददाता» भोपाल

भोपाल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को 'पैगाम-ए-मोहब्बत' रैली का भव्य आयोजन किया गया। यह रैली भोपाल उत्तर विधानसभा क्षेत्र से विधायक आतिफ अकील के नेतृत्व में निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। तिरंगों से सजे इस जुलूस में देशभक्ति गीतों की धुन गूंजती रही और पुराने शहर की गलियां व चौराहे देशप्रेम के नारों से भर उठे।

रैली की शुरुआत भोपाल टॉकीज चौराहे से हुई। इसके बाद यह पीरगेट, इमामी गेट, आजाद मार्केट और आसपास के कई इलाकों से होते हुए आगे बढ़ी। रास्ते भर लोग हाथों में तिरंगा लहराते हुए शामिल होते गए। मोहल्लों और चौराहों पर स्वागत के लिए मंच बनाए गए थे, जहां रैली का फूल-मालाओं से अभिनंदन किया गया। देशभक्ति के नारों और गीतों से माहौल ऊर्जा और उत्साह से भर गया।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी रैली में मौजूद रहे। उन्होंने लोगों से भाईचारे और आपसी एकता का संदेश अपनाने की अपील की। पटवारी ने कहा कि आजादी का पर्व केवल झंडा फहराने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि यह हमें देश की गंगा-जमुनी तहजीब को सहेजने और समाज में मोहब्बत का संदेश फैलाने की प्रेरणा देता है। विधायक आतिफ अकील ने भी कहा कि इस रैली का उद्देश्य समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करना है।

रैली के दौरान पुराना शहर तिरंगे रंगों से सराबोर हो गया। जगह-जगह स्थानीय लोगों ने जुलूस का स्वागत किया और देशभक्ति के गीत गाए। इमामी गेट, आजाद मार्केट और भोपाल टॉकीज जैसे प्रमुख स्थानों पर भारी भीड़ उमड़ी। कई इलाकों की गलियों से भी लोग स्वतः ही रैली में शामिल हो गए।

'पैगाम-ए-मोहब्बत' रैली ने स्वतंत्रता दिवस पर पुराने भोपाल को एक बार फिर राष्ट्रभक्ति, एकता और भाईचारे का अद्भुत संदेश दिया।

---

## शनिवार को बारिश का सिलसिला जारी रहा

डीआर संवाददाता» भोपाल

मध्यप्रदेश में शनिवार को बारिश का सिलसिला जारी रहा। भोपाल, इंदौर, बैतूल, नर्मदापुरम, शाजापुर, रायसेन, छिंदवाड़ा, जबलपुर, मंडला, सिवनी, सीहोर,छतरपुर, टीकमगढ़ और बालाघाट समेत कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज हुई। शाजापुर के अकोदिया में कोहरा छाया रहा, जबकि पीथमपुर और रतलाम में बादलों की गरज के साथ बारिश हुई। इटारसी में तवा डैम का जलस्तर 1161 फीट तक पहुंच गया है।



इसी बीच बड़वानी जिले के अंजड़ थाना क्षेत्र में बिजली गिरने से दो युवकों, महेश और पवन, की मौत हो गई। दोनों खेत से लौटते वक्त बारिश के दौरान नीम के पेड़ के नीचे खड़े थे। उनके साथ मौजूद राजू नामक युवक भी झुलस गया।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, मध्यप्रदेश से गुजर रही ट्रफ लाइन, मानसून ट्रफ, तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन और लो प्रेशर एरिया के सक्रिय रहने से बारिश हो रही है। अब तक प्रदेश में 30.3 इंच बारिश हो चुकी है, जो औसत 37 इंच का 82% है। पूर्वी एमपी में 34% और पश्चिमी हिस्से में 21% ज्यादा बारिश दर्ज हुई है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अगस्त के दूसरे पखवाड़े में तेज बारिश का दौर शुरू होगा और कई जिलों में कोटा अगस्त में ही पूरा हो जाएगा।

---

## भोपाल में युवक की संदिग्ध हालात में मौत

डीआर संवाददाता» भोपाल

भोपाल के छोला मंदिर इलाके में युवक की संदिग्ध हालत में मौत का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार युवक अपने परिवार के साथ एक मकान में किराए से रहता था। वह मकान की तीसरी मंजिल पर बने खाली कमरे में मिला। युवक का शव जमीन पर था और गले में फांसी का फंदा झूल रहा था। आशंका है कि फंदा टूटने के बाद वह नीचे गिरा होगा।

शुरुआती जांच में पुलिस ने इस मामले को संदिग्ध मौत मानते हुए तफ्तीश शुरू कर दी है। मृतक की पहचान राकेश शर्मा (28) पुत्र प्रदीप शर्मा के रूप में हुई है। वह मूलतः श्योपुर जिले का रहने वाला था और करीब आठ महीने पहले पत्नी व दो बच्चों के साथ भोपाल आकर रहने लगा था। यहां वह मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था।

घटना की रात पत्नी ने बताया कि बुधवार रात करीब आठ बजे वह राकेश के लिए खाना बनाने गई थी। खाना बनाने के बाद जब उसने आवाज दी तो कोई जवाब नहीं मिला। जब वह कमरे तक पहुंची तो पति का शव जमीन पर पड़ा था और पास में रस्सी टूटी हुई थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच जारी है।

---

## 2000 लड्डू गोपाल प्रतिमाएं वितरित की

डीआर संवाददाता» भोपाल



भोपाल में गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाई। इस अवसर पर श्रीकृष्ण पर्व एवं लीला पुरुषोत्तम का प्रकट उत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और उनके दिव्य स्वरूप को दर्शाती आकर्षक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के दौरान भक्तों में 2000 लड्डू गोपाल की प्रतिमाएं भी वितरित की, जिससे श्रद्धालु अपने घरों में पूजन की।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रात में उज्जैन के प्राचीन गोपाल मंदिर में जन्माष्टमी महोत्सव में शामिल हुए। यह मंदिर अपने ऐतिहासिक सोमनाथ दरवाजे के लिए प्रसिद्ध है, जो इतिहास और आस्था दोनों से जुड़ा हुआ है। इसके बाद मुख्यमंत्री धार जिले के अमझेरा पहुंचे, जिसे पौराणिक मान्यता के अनुसार वह स्थान माना जाता है जहां भगवान श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी का हरण किया था।

---

## भोपाल में बीटेक छात्र की सरेराह चाकू मारकर हत्या

डीआर संवाददाता» भोपाल

भोपाल के बिलखिरिया इलाके में सरेराह बीटेक छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना गुरुवार की देर रात की है। शुक्रवार की सुबह घायल युवक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

बिलखिरिया पुलिस ने हत्या कायम कर जांच शुरू कर दी है। पीएम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। चाकू मारने वाले का कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगा है। हमले से पूर्व युवक ड्यूटी से घर के लिए लौट रहा था। कंपनी के बस से उतरने के बाद पैदल घर जा रहा था। तभी किसी ने हमला कर दिया। जानकारी के मुताबिक, नीतेश चद्रवंशी (22) मूलरूप से ग्राम मूसा देही छिंदवाड़ा का रहने वाला था। तीन सालों से भोपाल के कोकता नंबर एक में सुनील के मकान में किराए से रह रहा था। उसके साथ प्रशांत नाम का दोस्त भी रहता है। प्रशांत ने बताया कि नीतेश रायसेन रोड के प्राइवेट कॉलेज से बीटेक फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रहा था।

**वायर बनाने वाली कंपनी में करता था जॉब**

नीतेश पढ़ाई के साथ वोलाकी नाम की वायर कंपनी में जॉब भी करता था। गुरुवार की देर रात 11:30 बजे रोज की तरह कंपनी की बस ने उसे घर से करीब चार सौ मीटर दूर मुख्य मार्ग पर उतारा। यहां से दोस्त पैदल घर आ रहा था। तभी उसे पीछे से किसी अज्ञात व्यक्ति ने चाकू मार दिया।

---

## कलेक्टोरेट, निगम व संस्थानों में ध्वजारोहण, उत्कृष्ट कर्मचारियों का सम्मान

डीआर संवाददाता» भोपाल

भोपाल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। लाल परेड मैदान में मुख्य आयोजन हुआ, वहीं कलेक्टोरेट, नगर निगम, संभागायुक्त कार्यालय, जिला पंचायत समेत विभिन्न संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया। संभागायुक्त कार्यालय में कमिश्नर संजीव सिंह ने झंडावंदन किया, जबकि कलेक्टोरेट में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने ध्वजारोहण कर



राष्ट्रगान के साथ वीर शहीदों को नमन किया। कलेक्टर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश की प्रगति के लिए एकजुट होकर उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा देता है और सभी को अपने-अपने क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन का संकल्प लेना चाहिए। विधानसभा में अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने ध्वजारोहण किया, जहां प्रमुख सचिव एपी सिंह व कर्मचारी उपस्थित थे। जिला पंचायत में अध्यक्ष रामकुंवर गुर्जर ने तिरंगा फहराया और उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट, सदस्य विनय मेहर, विधायक प्रतिनिधि दीपक गुर्जर, सीईओ इला तिवारी समेत अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। जन्माष्टमी पर्व के कारण पुराने शहर के बाजार खुले रहे, जबकि थोक दवा बाजार बंद रहा।

---

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी** आधी रात को छाएगा कृष्ण जन्म का उत्साह

## कान्हा के स्वागत में पलक पांवडे, अलग-अलग थीम पर मंदिरों में सजेंगी झांकियां

डीआर संवाददाता» भोपाल

भोपाल. राजधानी में इन दिनों उत्सवी माहौल है। एक ओर आजादी के पर्व स्वतंत्रता दिवस का उत्साह छाया हुआ है, वहीं कान्हा के स्वागत की तैयारियां भी जोर शोर से चल रही है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शनिवार को मनाया जाएगा। इसके चलते शहर के मंदिरों में आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई है। स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी के चलते पूरा शहर रोशनी से जगमगा रहा है। जन्माष्टमी के चलते शहर में बाजारों से लेकर मंदिरों, घरों तक उत्सवी माहौल नजर आ रहा है।

**आधी रात को रोशन होंगे मंदिर**

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 16 अगस्त को मनाई जाएगी। इस बार गृहस्थ और वैष्णव दोनों एकसाथ यह पर्व मनाएंगे। जन्माष्टमी पर शनिवार शाम से आयोजनों का सिलसिला शुरू हो जाएगा। मध्यरात्रि में 12 बजे मंदिरों में जन्म आरती होगी और नंद घर आनंद भयो के जयघोष के साथ कृष्ण जन्म की खुशियां मनाई जाएगी। जन्म आरती होगी और पंजीरी का प्रसाद वितरित किया जाएगा। शहर के कृष्ण मंदिर आधी रात के बाद तक खुले रहेंगे। इस मौके पर मंदिरों में भगवान कृष्ण का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इस बार स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए तिरंगा और राष्ट्रभक्ति थीम पर भी मंदिरों में सजावट और श्रृंगार होगा।




**ऑपरेशन सिंदूर पर समर्पित रहेगी शोभायात्रा**

जन्माष्टमी के मौके पर हरिहर महोत्सव समिति की ओर से आकर्षक शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस बार यह शोभायात्रा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को समर्पित रहेगी। इसमें ब्रह्मोस मिसाइल की झांकी के साथ कर्नल सोफिया और व्योमिका सिंह के वेष में बेटियां शामिल रहेंगी। समिति के अतुल कौशल ने बताया कि शोभायात्रा मार्ग में 21 स्थानों पर माखन मटकियां बांधी जाएंगी, जिसे गोपालओं की टोलियां फोड़ेंगी।

**सिंदूरी पोशाक और तिरंगा थीम में श्रृंगार**

राधाकृष्ण मंदिर अहीर यादव समाज बरखेड़ी में जन्माष्टमी पर भगवान को सिंदूरी पोशाक धारण कराई जाएगी, इसी मौके पर तिरंगे के स्वरूप में सजावट की जाएगी। मंदिर के संतोष यादव ने बताया कि इस बार आयोजन की थीम ऑपरेशन सिंदूर रखी है।

---

## भदभदा डैम के पास स्थित मस्जिद पर प्रस्तावित कार्रवाई फिलहाल टल गई

डीआर संवाददाता» भोपाल

भोपाल की करीब सौ साल पुरानी दिलकश मस्जिद और भदभदा डैम के पास स्थित मस्जिद पर प्रस्तावित कार्रवाई फिलहाल टल गई है। वक्फ बोर्ड की आपत्ति के बाद प्रशासन ने साफ कर दिया है कि बिना सुनवाई किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की जाएगी। टीटी नगर एसडीएम रचना शर्मा ने बताया कि वक्फ बोर्ड से आपत्ति दर्ज कराने वाला पत्र मिला है, जिसमें कहा गया है कि मस्जिदें वक्फ संपत्ति में पंजीकृत हैं और इनके खिलाफ कार्रवाई से पहले सुनवाई आवश्यक है। अब प्रशासन मस्जिद कमेटी और वक्फ बोर्ड को बुलाकर पक्ष सुनेगा, उसके बाद ही आगे का फैसला लिया जाएगा।



दरअसल, 4 जुलाई को टीटी नगर तहसीलदार की ओर से मस्जिद कमेटी को नोटिस भेजा गया था। इसमें 7 जुलाई तक अवैध निर्माण हटाने का निर्देश दिया गया था, अन्यथा प्रशासन द्वारा कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी। एडवोकेट रफी जुबेरी का कहना है कि दोनों मस्जिदें वक्फ संपत्ति में दर्ज हैं और 1937 से इनके रिकॉर्ड मौजूद हैं। इसके बावजूद इन्हें अवैध बताकर नोटिस दिया जाना गलत है।वक्फ बोर्ड ने पहले एनजीटी में पक्षकार बनने की मांग की थी, जिसे मंजूरी तो मिली लेकिन स्थगन आदेश नहीं दिया गया। इसके बाद 31 जुलाई को बोर्ड ने हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की।

# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर भाद्रपद कृष्ण पक्ष 09- 2082 सीहोर, दिन रविवार,दिनांक 17 अगस्त 2025


## न्यूज गैलरी

### डायल 100 की जगह डायल 112 सेवा शुरू

सीहोर।जिले को 5 नई हाईटेक एफआरवी गाडिया मिली है, जिनमे वायरलेस सिस्टम, बीकन लाइट, डैशबोर्ड और बॉडी वॉर्न कैमरा, मोबाइल डेटा टर्मिनल, टूल किट और स्ट्रेचर जैसी सुविधाए है। इस बदलाव से शहरी क्षेत्रो मे रिस्पांस टाइम 15-20 मिनट और ग्रामीण क्षेत्रो मे 20-25 मिनट तक घट जाएगा। नई गाडियो के साथ जिले मे कुल एफआरवी वाहन संख्या 25 हो गई है। पुराने 20 वाहन लगातार सेवा देने के कारण कंडम स्थिति मे थे। नई गाडियो से पुलिस की आपातकालीन सेवाओं की क्षमता मजबूत होगी।

### नेशनल लोक अदालत 13 सितंबर को

सीहोर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 13 सितंबर को जिला न्यायालय व तहसील न्यायालय मे नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत मे न्यायालयो मे लंबित राजीनामा योग्य सिविल और आपराधिक शमनीय प्रकरणो का निराकरण किया जाएगा। इसके अलावा इसमे वैवाहिक, मोटर दुर्घटना दावा, बैंक वसूली, भूमि अधिग्रहण, बिजली और पानी के बिल, श्रम विवाद और उपभोक्ता शिकायतो का आपसी सुलह से निराकरण किया जाएगा।

### बी-फार्मा और डी-फार्मा के लिए 28 तक रजिस्ट्रेशन

सीहोर। फार्मेसी कॉलेजो मे बी-फार्मा और डी-फार्मा कोर्सेस मे प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउसलिंग प्रक्रिया जारी है। डायरेक्टोरेट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन द्वारा पहले चरण के रजिस्ट्रेशन 5 अगस्त से शुरू किए गए थे, जो 28 अगस्त तक चलेगे। अभ्यर्थियो को कॉलेज चयन के लिए 29 अगस्त तक चॉइस फिलिंग करनी होगी। परीक्षा की मेरिट के आधार पर सीटो का आवटन किया जाएगा। मेरिट सूची 3 सितबर को घोषित होगी और 6 सितबर को सीट अलॉटमेंट जारी किया जाएगा। रिपोर्टिंग 11 सितबर तक करनी होगी।

### जेएनवी की प्रवेश के लिए आवेदन 23 तक

सीहोर। श्यामपुर के जवाहर नवोदय स्कूल की कक्षा 9वी एव 11वी मे सत्र 2026-27 चयन परीक्षा के माध्यम से प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो गए है। यह प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी जिसका आवेदन नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू पर दिए गए लिंक के माध्यम से किए जा सकते हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 23 सितबर है। कक्षा 9वी मे पंजीयन के लिए अभ्यर्थी की जन्म तारीख 1 मई 2011 से 31 जुलाई 2013 के बीच होना चाहिए। कक्षा 11वी मे पंजीयन के लिए अभ्यर्थी की जन्म तारीख 1 जून 2009 से 31 जुलाई 2011 के बीच होना चाहिए।

### बलराम जयंती-बच्चों ने राधा-कृष्ण का रूप धारण किया

बिलकिसगंज। ग्राम उलझावन के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे गुरुवार को बलराम जयंती पर कार्यक्रम हुआ। छात्र-छात्राओ ने राधा-कृष्ण और बलराम के रूप मे सजधज कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. नुजहत अनीस ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर की। शिक्षको और बच्चो ने उत्साह से बलराम जन्म उत्सव मनाया। बच्चो ने मधुर भजनो पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए। समापन पर श्री बलराम की आरती हुई। प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम मे सभी

---

**ध्वजारोहण** प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी

# जिला स्तरीय समारोह में देखा व सुना गया मुख्यमंत्री के संदेश

डीआर संवाददाता» सीहोर

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड मे पूरे हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग मंत्री एव जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस मौके पर हर्ष फायर हुए और रंगीन गुब्बारे आसमान मे छोड़े गये तथा मध्यप्रदेश गान की प्रस्तुति दी गई। समारोह मे भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का लाइव प्रसारण देखा और सुना गया। इसके साथ ही मंत्री श्रीमती गौर ने भी संबोधित कर जिलेवासियो को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी तथा उन्होंने विभिन्न क्षेत्रो मे जिले की उपलब्धियों का उल्लेख किया। मंत्री श्रीमती गौर ने परेड का निरीक्षण कर सभी परेड कमांडरो से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान कलेक्टर श्री बालागुरू के तथा एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला भी



साथ थे।

परेड के पश्चात अनेक शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो की रंगारंग प्रस्तुतिया दी। समारोह मे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो तथा लोकतंत्र सेनानियो के परिजनो को मुख्य अतिथि द्वारा शाल-श्रीफल भेट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि ने परेड एव सांस्कृतिक कार्यक्रमो मे भाग लेने वाले प्रतिभागियो तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवको को सम्मानित किया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

स्वतंत्रता दिवस समारोह मे सांस्कृतिक प्रस्तुतियो ने सभी का मन मोह लिया। सेंट ऐंस स्कूल के विद्यार्थियो ने मध्यप्रदेश गान और तिरंगा गान प्रस्तुत किया। कस्तूरबा कन्या उमावि, सरस्वती कत्थक कला केन्द्र, विद्या भारती, ऑक्सफोर्ड व अन्य विद्यालयो ने देशभक्ति समूह नृत्य व बैंड की शानदार प्रस्तुतियां दी।

### इन्हें किया गया सम्मानित

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथी पिछड़ा वर्ग मंत्री गौर ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी/लोकतंत्र सेनानियो के परिजनो शारदा कुंवर, कोमल मरदानिया, कस्तूरी बाई और सीताबाई को साल श्रीफल भेटकर सम्मानित किया।

कलेक्ट्रेट मे स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्टर श्री बालागुरू के ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे और झंडावंदन मे भाग लिया। इसके पहले कलेक्टर ने कलेक्टर निवास और जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित सीहोर मे भी ध्वजारोहण किया। सभी कार्यालयो मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



### यह थे उपस्थित

कार्यक्रम मे भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सीताराम यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेंद्र मेवाड़ा, सीहोर जनपद अध्यक्ष गायत्री बाई, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने, कलेक्टर बालागुरु के, एसपी दीपक कुमार शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन, डीएफओ अर्चना पटेल, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह उपस्थित थे।

---

# कांग्रेस ने वोट चोरी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किय



डीआर संवाददाता›सीहोर

सीहोर मे कांग्रेस ने वोट चोरी के विरोध मे जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कार्यालय से टाउनहॉल तक कैंडल मार्च निकाला गया, जिसका नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने किया। मार्च का समापन भारत माता की प्रतिमा के समक्ष हुआ। कार्यकर्ताओं ने भाजपा और चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी की और लोकतंत्र पर मंडराते संकट का विरोध किया।

राजीव गुजराती ने कहा कि देश का संविधान और संवैधानिक संस्थाएं कमजोर की जा रही हैं। उन्होंने महंगाई, भ्रष्टाचार और लोकतंत्र पर हमले के मुद्दो को उठाते हुए केंद्र सरकार की आलोचना की। गुजराती ने कार्यकर्ताओं से राहुल गांधी के समर्थन में एकजुट होने का आह्वान किया और कहा कि राहुल गांधी के वोट चोरी के खुलासे के बाद भाजपा चिंतित है।

कार्यक्रम में हरपाल ठाकुर, निशांत वर्मा, विवेक राठौर, पवन राठौर, घनश्याम यादव, कपिल गौर, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, हरिओम सिसोदिया और अक्षत सेंगर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की रक्षा और ईमानदार चुनाव की मांग को जोरदार तरीके से दोहराया। आयोजन में युवा और वरिष्ठ सदस्य सभी ने मिलकर शांतिपूर्ण लेकिन सशक्त संदेश दिया।

---

## कन्नौद मार्ग स्थित मुखर्जी ग्राउंड पर मुख्य

डीआर संवाददाता›आष्टा

आष्टा मे 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कन्नौद मार्ग स्थित मुखर्जी ग्राउंड पर मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे शासकीय और प्राइवेट स्कूलो के विद्यार्थियो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम मे क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, जनपद अध्यक्ष दीक्षा सोनू गुणवान, नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुंवर राय सिंह मेवाड़ा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



आष्टा ब्लॉक के जावर, मेहतवाड़ा, सिद्धिगंज, खाचरोद, मैना और कोठारी क्षेत्रो मे भी ध्वजारोहण किया गया। सभी शासकीय कार्यालयो और शैक्षणिक संस्थानो मे तिरंगा फहराया गया। कार्यक्रम के बाद विद्यार्थियो को मिठाई वितरित की गई।

## श्यामपुर में निकली रैली ने दिया भाईचारे और एकता का सदेश

डीआर संवाददाता›श्यामपुर

श्यामपुर मे निकली रैली ने एक बार फिर साबित कर दिया कि देश और समाज के लिए मुसलमान हमेशा एकता और भाईचारे की पहली पंक्ति मे खड़े है। रैली मे शामिल युवाओं के जज्बे और अनुशासन को देखकर हर कोई प्रभावित हुआ। आयोजको ने सभी प्रतिभागियो को उनकी मेहनत और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।



रैली के दौरान कुछ साथियो को ट्रैक्टर लेकर आने मे कठिनाई हुई, वहीं गाड़ियो की समस्या भी सामने आई। बावजूद इसके सभी ने अनुशासन बनाए रखा और मिलजुलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

गांव-गांव से आए युवाओं ने रैली मे बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और दिखा दिया कि सामूहिक प्रयास से हर कठिनाई आसान हो सकती है। कार्यक्रम का संदेश साफ रहा- "कौम और मुल्क की तरक्की भाईचारे और एकता से ही संभव है।"

आयोजको ने भरोसा दिलाया कि अगली बार और भी बड़े पैमाने पर स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया जाएगा।

---

## भेरूंदा में लोगों को दिलाई शपथ,बुधनी विधायक भी रहे साथ



डीआर संवाददाता›भैरूंदा

सीहोर मे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय सिंह पत्नी अमानत के साथ तिरंगा यात्रा मे शामिल हुए। भेरूंदा मे यात्रा कृषि मंडी से शुरू होकर सीएम राइस स्कूल मैदान तक पहुंची।

बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव सहित कई जनप्रतिनिधि इस यात्रा मे मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर सीएम राइस स्कूल मैदान मे कार्तिकेय सिंह ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत नागरिको को तिरंगा फहराने और उसकी गरिमा बनाए रखने की शपथ दिलाई। शासन-प्रशासन के साथ आम नागरिक और जनप्रतिनिधि भी इस अभियान मे सक्रिय भागीदारी निभा रहे है।



## भारत माता की जय के नारों के साथ गूंजी देशभक्ति की भावना



डीआर संवाददाता›सीहोर

नागरिको मे देशभक्ति और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिले मे 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 14 अगस्त को जिलेभर मे अनेक गतिविधियां आयोजित की गई। जिले के सभी नगरीय निकायो, ग्राम पंचायतो, स्कूलो सहित अनेक स्थानो पर तिरंगा रैली, मानव श्रृंखला, तिरंगा प्रश्नोत्तरी, तिरंगा शपथ, तिरंगा रंगोली, स्वच्छता संवाद, स्वच्छता शपथ, संस्थागत स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की गई। इन कार्यक्रमो मे अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, नागरिक और स्कूली बच्चे शामिल हुए।

## स्वतंत्रता दिवस पर सीहोर में कई जगह ध्वजारोहण

डीआर संवाददाता›सीहोर

सीहोर मे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरे जिले मे उत्साह और देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। जगह-जगह ध्वजारोहण के कार्यक्रम आयोजित किए गए और लोगो ने तिरंगे को सलामी दी।

### राधा कृष्ण की वेशभूषा में दिखे बच्चे

बच्चो ने पेंटिंग प्रतियोगिता मे भी अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस वर्ष जन्माष्टमी और स्वतंत्रता दिवस एक साथ आने के कारण कई बच्चे कृष्ण और राधा की वेशभूषा मे नजर आए। स्कूल संचालक बसंत दासवानी ने बताया कि इन सभी गतिविधियो का उद्देश्य बच्चो मे देशभक्ति की भावना और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है।



### भाजपा कार्यालय में भी ध्वजारोहण

बीजेपी ऑफिस मे स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने तिरंगा फहराया। इस मौके पर विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति सहित बड़ी संख्या मे पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने तिरंगे को सलामी दी और राष्ट्रगान गाया।

### नगर पालिका परिषद कार्यालय

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम मे जन-गण-मन की धुन के बीच तिरंगे को सलामी दी गई। इस अवसर पर नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। पूरे सीहोर मे स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रमो मे बच्चो से लेकर बुजुर्गो तक ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

---

## ब्रिजिशनगर में भजन कार्यक्रम के दौरान गिरी आकाशीय बिजली,मानसून ने दोबारा रफ्तार पकडी

# बाल-बाल बची महिलाएं, सीहोर के जावर में 34 घंटे में 3 इंच से ज्यादा

डीआर संवाददाता›सीहोर

सीहोर मे पिछले 24 घंटो मे मानसून ने दोबारा रफ्तार पकड़ ली है, जिससे भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगो को राहत मिली है। जिले के कई हिस्सो मे अच्छी बारिश दर्ज की गई है। जावर क्षेत्र मे सबसे अधिक वर्षा हुई, जबकि अन्य क्षेत्रो मे भी हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई।

इन क्षेत्रो मे हुई इतनी बारिश



शासकीय कृषि कॉलेज के मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा जारी आंकड़ो के अनुसार, बीते 24 घंटो मे विभिन्न तहसीलो इतनी बारिश हुई।

सीहोर 0. 31 इंच (8 मिमी)
आष्टा 0.63 इंच (16 मिमी)
जावर 2.08 इंच (53 मिमी)
इछावर 0.15 इंच (4 मिमी)
भेरूंदा 1.06 इंच (27 मिमी)
बुधनी 0. 56 इंच (14 मिमी)
रेहटी 0. 55 इंच (14 मिमी)

अब तक 27.5 इंच बारिश

मौजूदा मानसून सीजन (1 जून से अब तक) सीहोर जिले मे कुल 27.5 इंच (695 मिमी) बारिश दर्ज की जा चुकी है, जबकि पिछले साल इसी अवधि तक जिले मे 31 इंच (787 मिमी) वर्षा दर्ज की गई थी।

भजन कीर्तन मे गिरी आकाशीय बिजली, बड़ा हादसा टला

इधर, इछावर क्षेत्र के ग्राम ब्रिजिशनगर मे कल शाम भजन-कीर्तन कार्यक्रम के दौरान राम देव महाराज के निसान पर आकाशीय बिजली गिर गई। घटना के समय बड़ी संख्या मे महिलाएं कार्यक्रम मे मौजूद थी, लेकिन सौभाग्यवश किसी को कोई चोट नही आई।

### फिर सक्रिय हुआ मानसून

मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस. एस. तोमर ने बताया कि प्रदेश मे इस समय कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है और ट्रफ लाइन भी सक्रिय है। इसके चलते आने वाले दिनो मे जिले के विभिन्न हिस्सो मे बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है।

## स्वतंत्रता सेनानी नानी बाई का सम्मान



डीआर संवाददाता›सीहोर

स्वतंत्रता सेनानी स्व नानी बाई, माता जी अवध नारायण दागी व श्री सुधान सिंह दागी का सम्मान तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी व अन्य वरिष्ठ जनो स्वतंत्रता सेनानी के निवास पर पहुंचकर सम्मान किया इस अवसर पर जीवन सिंह दागी व राजेंद्र सिंह दागी की दादी मां का भी अभिनंदन हुआ।

# डीआर इंडिया

राजगढ़, विदिशा, ब्यावरा, अशोकनगर, गुना, ग्यारसपुर, गंजबासौदा, सारंगपुर | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 09– 2082 | दिन रविवार, दिनांक 17 अगस्त 2025


## न्यूज गैलरी

### बिजली गिरने से बड़ा हादसा

राजगढ़। जिले के पीपलखेड़ी गांव में शुक्रवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से बड़ा हादसा हो गया। गांव के चरवाहे मांगीलाल सोंधिया की 6 बकरियां मौके पर ही मर गईं, जबकि 4 गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसा स्कूल के पास उस समय हुआ, जब मांगीलाल अपनी बकरियों को चराने ले गया था। तेज बारिश और गर्जना के बीच अचानक गिरी बिजली से बकरियां झुलस गईं, हालांकि मांगीलाल बाल–बाल बच गया। ग्रामीणों ने घायल बकरियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। मांगीलाल ने बताया कि बकरियां ही उसका मुख्य जीविकोपार्जन थी। ग्रामीणों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

### 135 लीटर अवैध शराब जब्त की

विदिशा। पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सृष्टि ढाबा के पास से 135 लीटर अवैध शराब जब्त की। आरोपी हरि नारायण कुशवाहा को मौके से पकड़ लिया गया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी शराब की भारी खेप लेकर घूम रहा है। दबिश में 15 पेटियों से देसी और अंग्रेजी शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 51.22 लाख आंकी गई। आरोपी पर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत केस दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

### गंजबा सौदा में बिजली की डीपी बनी मौत का कारण

गंजबासौदा। के नाहे गांव में सड़क किनारे नाले के पास गलत तरीके से रखी अटल ज्योति योजना की डीपी जानलेवा साबित हो रही है। अब तक करंट लगने से एक युवक और दो गायों की मौत हो चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि गणेश चतुर्थी पर लगने वाले कारस देव मेले में यह बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। कई बार शिकायत के बावजूद विभाग ने डीपी हटाने की कार्रवाई नहीं की है।

### कार्यक्रम में छात्रा बेहोश

खिलचीपुर। नगर परिषद में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के दौरान कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा लक्ष्मी (18) झंडा वंदन के बाद अचानक बेहोश हो गई। स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने हालत स्थिर बताई। लक्ष्मी हरियाला गांव की रहने वाली है और 9वीं कक्षा में पढ़ाई कर रही है।

### बड़े भाई ने की छोटे भाई की हत्या

सारंगपुर। में जमीनी विवाद ने खूनी रूप ले लिया। बड़े भाई बाबूलाल पुष्पद ने छोटे भाई कमल (31) के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी हत्या कर दी। वार इतना गहरा था कि कमल की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस पांच मिनट

## तलेन में बिना गार्ड ऑफ ऑनर फहराया गया झंडा, समय पर नहीं पहुंची पुलिस

# गांव–गांव निकली प्रभात फेरियां, बच्चों ने देशभक्ति गीतों से सजाया माहौल

डीआर संवाददाता» राजगढ़/विदिशा

स्वतंत्रता दिवस पर राजगढ़, विदिशा, सारंगपुर, पचोर और तलेन समेत पूरे जिले में तिरंगा फहराकर आजादी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। राजगढ़ में प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और मुख्यमंत्री का संदेश लाइव प्रसारित हुआ। विदिशा में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बच्चों व शहीद परिजनों संग पर्व मनाया। सारंगपुर, पचोर और पंचायतों में भी झंडा फहराया गया, जबकि तलेन में नगर परिषद अध्यक्ष ने बिना गार्ड ऑफ ऑनर तिरंगा फहराया। जगह–जगह प्रभात फेरियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम और देशभक्ति गीतों के साथ वातावरण उत्साह और देशप्रेम से सराबोर रहा।



### राजगढ़ में मुख्य समारोह और स्पष्ट संदेश

राजगढ़ जिले में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह स्थानीय परेड ग्राउंड में हुआ। प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। पहली बार तीन बड़ी प्लाज्मा स्क्रीन लगाई गई, जिन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संदेश लाइव प्रसारित किया गया। इससे पहले यह संदेश मुख्य अतिथि पढ़ते थे। परेड में विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस और महिला बल ने मार्च पास्ट किया। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया।

### विदिशा में बच्चों और



### शहीदों संग मनाया पर्व

विदिशा में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण किया और बाद में विशेष बच्चों संग स्वतंत्रता दिवस मनाया। विधायक मुकेश टंडन ने गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और छात्राओं के साथ मध्यान्ह भोजन किया। जिलेभर में सरकारी–निजी संस्थानों से लेकर मोहल्लों तक तिरंगा फहराया गया। लटेरी के संदीपनी स्कूल में स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान हुआ और विद्यार्थियों को नशा मुक्ति व स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई गई।

### सारंगपुर–पचोर–तलेन में पंचायतों में समारोह

सारंगपुर, पचोर और तलेन नगर पालिका सहित 98 पंचायतों में भी ध्वजारोहण हुआ। सारंगपुर में नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल और पचोर में विकास करोड़िया ने झंडा फहराया। पचोर और सारंगपुर में पुलिस जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया, जबकि तलेन में पुलिस टीम समय पर नहीं पहुंच पाई। नगर परिषद अध्यक्ष नारायण सिंह यादव को बिना गार्ड ऑफ ऑनर के ही ध्वजारोहण करना पड़ा।



#### बच्चों की प्रभात फेरियां और ग्रामीण उत्साह

ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभात फेरियां निकाली गईं। बच्चे एक, दो, तीन, चार, गांधी जी की जय जयकार के नारे लगाते हुए गलियों से गुजरे। पंचायत भवनों, सहकारी समितियों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर सरपंचों व समाजसेवियों ने ध्वजारोहण किया। साथ ही स्कूलों में ध्वजारोहण के बाद मिठाई बांटी गई और देशभक्ति गीत गूंजते रहे।

# 10लाख की बाइक चेकिंग के दौरान पकड़ाए



डीआर संवाददाता» अशोकनगर

अशोकनगर जिले की चंदेरी पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 15 चोरी की गई बाइक बरामद की हैं। बरामद बाइकों की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपए बताई गई है।

जानकारी के अनुसार, चंदेरी और आसपास के इलाकों में बीते कुछ समय से बाइक चोरी की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही थी। खासतौर पर 28 मई और 12 अगस्त 2025 को क्षेत्र से दो बाइक चोरी हुईं। इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए एसपी विनीत कुमार जैन के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

**बंगला चौराहा पर वाहन चेकिंग में पकड़े गए आरोपी**

इसके बाद 14 अगस्त को चंदेरी के बंगला चौराहा क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध युवकों को रोका गया। पूछताछ में उनकी पहचान फैजान उर्फ सलमान खा (निवासी अशोकनगर) और अजय अहिरवार (निवासी बहादुर थाना क्षेत्र) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उनके पास से एक मोटरसाइकिल बरामद हुई, जो 28 मई को चंदेरी से चोरी हुई थी।

**गांव के खेत में छिपा रखी थी 14 और बाइक**

पूछताछ में आरोपियों ने चंदेरी सहित अन्य क्षेत्रों से बाइक चोरी करना स्वीकार किया। उनकी निशानदेही पर ग्राम अलरैजी के एक खेत में बने खपरैल मकान से 14 और चोरी की बाइकें बरामद की गईं। इस तरह पुलिस ने कुल 15 चोरी की मोटरसाइकिलें जब्त कीं।

**कई जिलों में फैला था चोरी का नेटवर्क**

पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी लंबे समय से आसपास के जिलों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। फैजान उर्फ सलमान पूर्व में भी कई चोरी के मामलों में गिरफ्तार हो चुका है और आदतन अपराधी है।

## कांग्रेस का वोटचोरी के खिलाफ कैंडल मार्च

डीआर संवाददाता» विदिशा

विदिशा में कांग्रेस ने वोट चोरी के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया। गुरुवार रात शहर के मुख्य बाजार में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया। ये मार्च मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर निकाला गया। प्रदर्शन में पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

जिला अध्यक्ष रघुवंशी ने भाजपा पर चुनाव में धांधली का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एक मतदाता का वोट कई विधानसभा, पोलिंग बूथ और राज्यों में दर्ज मिला है। राहुल



गांधी ने 7 अगस्त को इसके सबूत पेश किए। निर्वाचन आयोग कार्रवाई के बजाय राहुल गांधी से शपथ पत्र मांग रहा है।

**22 अगस्त को न्याय सत्याग्रह करेगी पार्टी**

कांग्रेस ने वोट चोरी के खिलाफ संघर्ष जारी रखने की बात कही है। पार्टी ने 11 अगस्त को पुतला दहन किया। अब 22 अगस्त को न्याय सत्याग्रह करेगी। आगे भी धरना–प्रदर्शन जारी रहेंगे। कांग्रेस ने इसे आम मतदाता के हक की लड़ाई

## बाइक सहित गड्ढे में गिरे पिता–पुत्र, कैमरे में कैद

डीआर संवाददाता» गुना

शहर की गोविंद गार्डन कॉलोनी में बारिश और बाढ़ के कारण बने गहरे गड्ढे में शुक्रवार को बाइक सवार पिता–पुत्र गिर पड़े। यह घटना कॉलोनी को शिव कॉलोनी से जोड़ने वाली सड़क पर हुई, जहां पांच फीट गहरा गड्ढा बना हुआ है। गनीमत रही कि दोनों को मामूली चोटें आईं।

घटना का एक लाइव फुटेज भी सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि सड़क किनारे से निकल रही साइकिल बेकाबू होकर सामने से आ रही बाइक से टकरा जाती है। टक्कर के बाद बाइक पर सवार व्यक्ति और उसके साथ बैठा छोटा बच्चा गड्ढे में जा गिरते हैं। इस दौरान



साइकिल चालक भी बाइक के ऊपर गिर पड़ा।

गौरतलब है कि 29 जुलाई को गुना की कई कॉलोनियों में बाढ़ जैसे हालात बने थे। गोविंद गार्डन, नानाखेड़ी और न्यू सिटी कॉलोनी में पानी भरने से सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। नालों पर अतिक्रमण और मिट्टी भरकर बनाई गई ऊंची सड़क ने स्थिति को और खराब कर दिया, जिससे हादसों का खतरा बढ़ गया है।

## आंगनवाड़ी केंद्रों में मनी कृष्ण जन्माष्टमी

डीआर संवाददाता» विदिशा

विदिशा में महिला एवं बाल विकास विभाग ने सभी आंगनवाड़ी केंद्रों को कृष्ण जन्माष्टमी मनाने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को केंद्रों पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया।

आंगनवाड़ी केंद्रों पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता, झांकियां और भजन–कीर्तन हुआ। बच्चे कृष्ण और राधा का रूप धारण करेंगे। कार्यक्रम को और रोचक बनाने



के लिए 3–4 आंगनवाड़ी केंद्र मिलकर सामूहिक आयोजन किया। इससे बच्चों में सहयोग की भावना और त्योहारों के प्रति रुचि बढ़ेगी।

कृष्ण जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव है। मान्यता है कि श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद मास की अष्टमी को मथुरा की कारागार में हुआ था। यह त्योहार मटकी फोड़, दही हांडी और भजनों के लिए प्रसिद्ध है। आंगनवाड़ी केंद्रों में होने वाले ये कार्यक्रम बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़ने का काम करेंगे।

# कस्तूरबा गांधी छात्रावास में आग, सामान जलकर राख

डीआर संवाददाता» ब्यावरा

ब्यावरा स्वतंत्रता दिवस के दिन ब्यावरा के बरखेड़ा स्थित कस्तूरबा गांधी छात्रावास में अचानक आग लग गई। सौभाग्य से उस समय छात्राएं समारोह में शामिल होने के लिए बाहर थीं, जिससे बड़ी जनहानि टल गई। घटना शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे की है।

प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है। अचानक धुआं उठते देख स्टाफ और आसपास के लोग मौके पर



पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक छात्रावास का काफी सामान जलकर राख हो चुका था। सूचना मिलने पर दमकल टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस भी तत्काल मौके पर पहुंची।

आगजनी से छात्रावास के कमरों और बरामदे को भारी नुकसान पहुंचा है। छात्राओं के बिस्तर, किताबें, कपड़े और आवश्यक सामग्री पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। इमारत की खिड़कियां और फर्श भी क्षतिग्रस्त हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम गीतांजलि शर्मा और तहसीलदार सुभाष अलावे छात्रावास पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। अधिकारियों ने शिक्षा विभाग को मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली कि छात्राएं समारोह में गई थीं, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

# राजगढ़ में बाबा रामदेव मंदिर का हाई–वोल्टेज ड्रामा, 3 घंटे तक हवा में लहराता रहा ध्वज

डीआर संवाददाता» राजगढ़

शुक्रवार को शहर का माहौल उस वक्त सनसनीखेज हो गया जब बाबा रामदेव मंदिर (कालीपीठ रोड) के महंत कैलाश गिरी (52) गुस्से में मंदिर के करीब 100 फीट ऊंचे शिखर पर चढ़ गए। हाथ में ध्वज थामे महंत तीन घंटे तक वहीं बैठे रहे। नीचे सैकड़ों की भीड़ और पुलिस का जमावड़ा, जबकि ऊपर शिखर पर महंत का 'सन्यासी विरोध'।

दरअसल, सुबह महंत जब राजगढ़ शहर गए हुए थे, तभी कुछ लोगों ने उनका सामान कमरे से बाहर निकाल दिया और कमरे पर ताला जड़ दिया। लौटकर आए महंत को



जब यह पता चला तो वे आहत हो गए। देखते ही देखते उन्होंने मंदिर शिखर पर चढ़कर ऐलान कर दिया कि "ताला खोले बिना और सामान वापस रखे बिना नीचे नहीं उतरूंगा।"

### परिवार का आरोप

महंत के बेटे संजू तंवर ने बताया कि कैलाश गिरी 2003 से बाबा रामदेव की ध्वजा लेकर जंगल में तपस्या कर रहे थे। 2018 में मंदिर निर्माण के बाद से वे परिवार सहित यहीं रह रहे हैं। लेकिन शुक्रवार सुबह कुछ लोगों ने कह दिया कि "कमरे में सिर्फ पुजारी रहेंगे, बाकी को खाली करना होगा।" इसी बात से नाराज होकर महंत ने शिखर पर चढ़ने का कदम उठाया।

**पुलिस और भीड़ की सांसें अटकीं**

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस पहुंची और मंदिर परिसर में भीड़ जुट गई। लोग दुआ करते रहे कि महंत सुरक्षित नीचे उतरें। आखिरकार लंबे समझाइश और आश्वासन के बाद महंत नीचे आए और स्थिति सामान्य हुई। इस घटना ने पूरे राजगढ़ में हलचल मचा दी। लोग अब सवाल उठा रहे हैं कि आखिर

## फूटा आक्रोश

## बेटे के जन्म की मन्नत पूरी होने पर राजा 450 किमी दूर से श्रीनाथ को हाथी से लाए थे

## 132 साल पहले बेटे के जन्म पर स्थापना कराईय तालाब के बीच बनाना था मंदिर मनीष सोनी

डीआर संवाददाता» राजगढ़

राजगढ़ में बेटे के जन्म की मन्नत पूरी होने पर राजा 450 किमी दूर से भगवान को हाथी पर लेकर आए थे। – वंदपा ठीत राजगढ़ में बेटे के जन्म की मन्नत पूरी होने पर राजा 450 किमी दूर से भगवान को हाथी पर लेकर आए थे। राजगढ़ जिले के खिलचीपुर तालाब किनारे खड़ा श्री गोवर्धननाथजी मंदिर केवल ईंट–पत्थर की इमारत नहीं है, यह उस मन्नत की निशानी



है, जिसे पूरा करने के लिए राजा राव बहादुर भवानी सिंह ने 450 किलोमीटर पैदल यात्रा की थी। भगवान श्रीनाथजी की प्रतिमा को सम्मानपूर्वक एक सजे–धजे हाथी पर रखकर खिलचीपुर लाए थे। सालों तक संतान का सुख न मिलने से राजा भवानी सिंह मन ही मन उदास रहते थे। एक दिन उन्होंने श्रीनाथजी से वचन लिया कि अगर पुत्र रत्न मिला तो नाथद्वारा से श्रीनाथजी का स्वरूप लाकर नगर में भव्य मंदिर बनाऊंगा। 26 अगस्त 1897 का दिन राजघराने में खुशियों की बारिश लेकर आया। महल में नन्हे कदमों का शोर गूंजा और राजकुमार दुर्जन साल सिंह का जन्म हुआ। बस, इसके बाद राजा ने मन्नत पूरी करने की तैयारी शुरू कर दी। राजगढ़ जिले के खिलचीपुर तालाब किनारे है श्री गोवर्धननाथजी मंदिर। राजगढ़ जिले के खिलचीपुर तालाब किनारे है श्री गोवर्धननाथजी मंदिर। राजा राव बहादुर भवानी सिंह ने बेटे के जन्म पर 450 किलोमीटर पैदल यात्रा की थी। राजा राव बहादुर भवानी सिंह ने बेटे के जन्म पर 450 किलोमीटर पैदल यात्रा की थी। नाथद्वारा से आस्था की पदयात्रा सन 1902 में राजा ने नाथद्वारा के लिए यात्रा शुरू की। रास्ता आसान नहीं था– न बारिश की परवाह, न धूप की चिंता। नाथद्वारा पहुंचकर उन्होंने श्रीनाथजी का स्वरूप प्राप्त किया। वापसी में प्रतिमा को फूल–मालाओं से सजे हाथी पर रखा गया। यह नजारा इतना भव्य था कि रास्ते में गांव–गांव लोग दर्शन के लिए

# देशभक्ति गीतों और नारों से गूंजा विदिशा

डीआर संवाददाता» विदिशा

विदिशा में स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति का अनोखा उत्सव देखने को मिला। दुर्गा नगर चौराहे से शुरू हुई "भव्य तिरंगा यात्रा" में हजारों लोग शामिल हुए। महिलाओं ने हाथों में तिरंगा थामकर गर्व से "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम" के नारे लगाए तो ढोल–नगाड़ों और गीतों की गूंज से पूरा शहर देशभक्ति रंग में रंग गया।

यह यात्रा पिछले 10 वर्षों से एक परंपरा बन चुकी है, जिसे



शहर के युवा सौरभ महाराज अपने जन्मदिन पर आयोजित करते हैं। इस बार यात्रा ऑडिटोरियम, ओवरब्रिज, नीमताल, तिलक चौक और मुख्य बाजार होते हुए माधवन चौक पहुंची और "शहीद स्तंभ पर भारत माता की आरती" के साथ इसका समापन हुआ। रास्तेभर यात्रा का स्वागत फूल बरसाकर किया गया। विदिशा और आसपास से आई महिलाओं ने पगड़ी बांधकर गर्व से हिस्सा लिया। समापन पर सभी ने "देश की एकता, अखंडता और शांति बनाए रखने का संकल्प" भी लिया।

# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर
भाद्रपद कृष्ण पक्ष,09 - 2082
सीहोर, दिन रविवार,दिनांक 17 अगस्त 2025

























































# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर

भाद्रपद कृष्ण पक्ष,09 - 2082

सीहोर, दिन रविवार,दिनांक 17 अगस्त 2025

































